उज्जैन
शुक्रवार
11
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-308
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाया 10 लाख का स्पॉट फाइन

7 ▸ भारतीय महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 19-0 से हराया



## पार्किंग विवाद पर मन्नारा की सफाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स एक्ट्रेस पर जमकर चिल्लाता नजर आया था। शख्स ने मन्नारा को धमकी दी कि अगर उन्होंने कार ठीक तरह पार्क नहीं की, तो वो उसे पंचर कर देगा। इस विवाद पर अब एक्ट्रेस ने सफाई दी है।

यह घटना मुंबई की एक कमर्शियल बिल्डिंग की पार्किंग में हुई। वायरल वीडियो में देखा गया कि मन्नारा चोपड़ा अपनी टीम के साथ एक ऑफिस में एंटर कर रही थीं, तभी एक शख्स उनके पीछे आकर चिल्लाने लगा।

एक्ट्रेस उस शख्स को नजरअंदाज करती रहीं, लेकिन वो चिल्लाते हुए उन्हें धमकी देने लगा। पैपराजी की भीड़ के बीच मन्नारा काफी असहज दिखी थीं।

वीडियो वायरल होने के बाद मन्नारा को जमकर ट्रोल भी किया गया। अब एक्ट्रेस ने विवाद पर सफाई देते हुए एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में उन्होंने बताया है कि वह एक ब्रांड के ऑफिस में शूट के लिए गई थीं और बिल्डिंग के गार्ड के कहने पर उन्होंने अपनी कार पार्क की थी। वो अंदर जा रही थीं, तभी एक अंकल ने उन पर चिल्लाना शुरू कर दिया।

मन्नारा ने कहा, मैंने देखा कि एक रैंडम अंकल चिल्ला रहे थे। जब भी कोई मुझ पर चिल्लाता है, तो मेरी हार्टबीट अचानक बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। मैं डर गई। एक तो वहां पैपराजी थे।

मन्नारा ने आगे कहा, वो अंकल बहुत गंदी तरह बात कर रहे थे, गार्ड से और सब से। मुझे नहीं पता ऐसे लोगों को उनके घरवाले कैसे झेलते होंगे। उन्होंने वहां पैप्स को देखा और फुटेज लेने के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया। ये बहुत दुखद और अपमानजनक था। अंकल प्लीज तमीज

### देश

- महाकाल मंदिर के पास शाही मस्जिद का हिस्सा हटाने पर हाई कोर्ट की मंजूरी, सड़क चौड़ीकरण के खिलाफ दोनों याचिकाएं खारिज
- मणिपुरी संगीतकार की पोस्टमार्टम रिपोर्ट- 15 पसलियां टूटी मिलीं, सीने-पेट पर भारी हथियार से लगी गहरी चोटें, इंटरनल ब्लीडिंग से हुई मौत, 8 आरोपी गिरफ्तार
- 37 लाख प्राइवेट स्कूल शिक्षकों के लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी किया
- पुलिस अधिकारी ने जो कहा वही छापना मानहानि नहीं, रिपोर्टर पर आपराधिक केस को झारखंड हाई कोर्ट ने ठहराया गलत
- बालाघाट में 30 से ज्यादा बच्चों की मौत का दावा, दायर जनहित याचिका पर हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब
- ब्रिक्स सम्मेलन से पहले पीएम मोदी का संदेशः बोले- वैश्विक मुद्दों पर होंगी सकारात्मक चर्चाएं

### विदेश

- कांगो के 2 स्कूलों में आग, 26 स्टूडेंट्स की मौत, लकड़ी से बने घर ज्यादा, इसलिए तेजी से फैली, जान बचाने खिड़कियों से कूदे बच्चे
- अमेरिकाः 'मिस्टर सिंह' वाले विज्ञापन पर मचा बवाल, सरकार ने हटाया पोस्ट

### व्यापार

- सेंसेक्स 700 अंक गिरकर 74,200 पर आयाः निफ्टी भी 250 अंक गिरा, यह 23,250 पर कारोबार कर रहा
- आईफोन 18 सीरीज की लॉन्चिंग के बावजूद पुराने मॉडल महंगे, आईफोन एयर 65,000 और 17,000 रु. तक महंगा, चिप की कमी और लागत बढ़ना वजह
- माल्या बोले- ब्रिटेन छोड़ने पर रोक, भारत कैसे लौटूं, सोचता हूं कॉकरोच बन जाऊं 10 साल से लंदन में, बैंकों के करीब 9,000 करोड़ के कर्जदार

### कार्टून..




टालमटोल अधिकारियों को पड़ेगी भारी

# मई से मांगा जा रहा सिंहस्थ मेला क्षेत्र का जमीन आवंटन लेआउट अब तक तैयार नहीं

## अखाड़ों और अन्य धार्मिक क्षेत्रों के जमीन निर्धारण में भी देरी, विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन की तैयारियों में समय पर निर्णय और व्यवस्थाओं का पूरा होना बेहद जरूरी है। इसके बावजूद सिंहस्थ मेला क्षेत्र में जमीन आवंटन से संबंधित लेआउट तैयार करने में उज्जैन विकास प्राधिकरण की ओर से लगातार देरी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि मई से मेला क्षेत्र की जमीन के आवंटन का लेआउट मांगा जा रहा है, लेकिन अब तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है।

इस लेआउट में प्रमुख रूप से अखाड़ों के लिए निर्धारित भूमि के साथ अन्य धार्मिक एवं आयोजन क्षेत्रों का निर्धारण भी शामिल है। जमीन का आवंटन स्पष्ट होने के बाद ही संबंधित क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, पार्किंग, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तृत योजना तैयार की जा सकेगी।

महीनों से अटका महत्वपूर्ण काम

सिंहस्थ की तैयारियां लगातार आगे बढ़ रही हैं, लेकिन मेला क्षेत्र के भूमि आवंटन का आधार माने जाने वाला लेआउट ही तैयार नहीं होना अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। मई से इसकी मांग किए जाने के बावजूद कई महीने बीत चुके हैं। ऐसे में



सवाल उठ रहा है कि आखिर लेआउट तैयार करने में इतनी देरी क्यों हो रही है और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी अब तक इसे पूरा क्यों नहीं कर पाए।

### अखाड़ों के स्थान को लेकर महत्वपूर्ण है लेआउट

सिंहस्थ में देशभर से आने वाले अखाड़ों और साधु-संतों के लिए भूमि का निर्धारण बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय है। अखाड़ों की परंपरा, आवश्यकता और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके शिविरों के लिए स्थान तय किया जाना है। इसके अलावा अन्य धार्मिक गतिविधियों और संस्थाओं के लिए भी भूमि चिन्हित की जानी है। लेआउट में देरी का सीधा असर आगे की व्यवस्थाओं पर पड़ सकता है। जब तक जमीन का अंतिम निर्धारण नहीं होगा, तब तक संबंधित विभागों के लिए अपनी योजनाओं को अंतिम रूप देना मुश्किल रहेगा।

### नहीं संभले तो जवाबदेही तय होगी

सिंहस्थ की तैयारियों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी आने वाले समय में बड़ी प्रशासनिक चुनौती बन सकती है। अभी समय रहते काम पूरा करने का अवसर है, लेकिन यदि इसी तरह फाइलों और प्रक्रिया में मामला उलझा रहा तो अंतिम समय में अधिकारियों पर काम का भारी दबाव पड़ेगा। सरकार सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर गंभीर है, लेकिन जमीन आवंटन का लेआउट तैयार करने में हो रही देरी अधिकारियों के लिए आने वाले समय में भारी पड़ सकती है। अब जरूरत है कि विकास प्राधिकरण इस काम को प्राथमिकता में लेकर जल्द से जल्द लेआउट तैयार करे और संबंधित विभागों को उपलब्ध कराए, ताकि सिंहस्थ की अन्य व्यवस्थाएं भी समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ सकें। सिंहस्थ की तैयारियों में भूमि संबंधी कई महत्वपूर्ण काम विकास प्राधिकरण स्तर पर अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। ऐसे में अब अधिकांश भूमि संबंधी प्रक्रिया की जिम्मेदारी तहसीलदार स्तर पर आ गई है। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में अखाड़ों सहित अन्य धार्मिक संस्थाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए भूमि का निर्धारण एवं आवंटन महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके लिए मेला क्षेत्र का लेआउट तैयार किया जाना है, लेकिन लंबे समय से अपेक्षित कार्रवाई पूरी नहीं हो पाई है। प्राधिकरण स्तर पर काम में हो रही देरी के कारण अब राजस्व अमले को सक्रिय किया जा रहा है। तहसीलदार के जिम्मे भूमि की स्थिति, उपलब्धता, सीमांकन सहित विभिन्न प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने का काम रहेगा। सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हुई तो आगे शिविरों और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी प्रभावित हो सकती है।

### सिंहस्थ लेआउट में मुख्य रूप से शामिल होता है

अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन और उनके स्थान

- साधु-संतों, महामंडलेश्वरों के शिविर क्षेत्र
- श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग व होल्डिंग एरिया
- स्नान घाट और पहुंच मार्ग
- प्रमुख सड़कें, वैकल्पिक मार्ग और प्रवेश-निकास
- बिजली, पानी, सीवरेज आदि की अस्थायी सुविधाओं के क्षेत्र
- पुलिस, प्रशासन और आपदा प्रबंधन के स्थान
- अस्पताल, फायर स्टेशन और अन्य आपातकालीन व्यवस्थाएं
- मेला कार्यालय एवं प्रशासनिक क्षेत्र
- बाजार, भोजनालय और अन्य व्यावसायिक क्षेत्र
- शौचालय, सफाई और कचरा प्रबंधन के स्थान
- भविष्य के विकास/स्थायी निर्माण से संबंधित भूमि का निर्धारण

ट्रक-पिकअप वैन की टक्कर

## 3 बच्चों समेत 8 की मौत, तीन घायल



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भंडारा**

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को ट्रक और एसयूवी की टक्कर में 3 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 4 बजे नागपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर पिंपलगांव सड़क के पास हुआ।

सभी लोग छत्तीसगढ़ के रायपुर से नेशनल हाईवे-53 के रास्ते नागपुर जा रहे थे। ट्रक में फंसी कार को बाहर निकालने के लिए दो जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया।

इससे पहले गुरुवार को नांदेड जिले में नांदेड-भोकर रोड पर वैन और ट्रक की टक्कर हो गई थी। हादसे में कम से कम 6 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।

ब्रिक्स समिट : एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री केवी सिंह ने स्वागत किया

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारत पहुंचे

## एसयू-57 फाइटर जेट और अपडेटेड ब्रह्मोस की डील हो सकती है

### मोदी से मुलाकात करेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए भारत पहुंच गए हैं। पुतिन का प्लेन रात करीब 3 बजे नई दिल्ली पहुंचा। एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री केवी सिंह ने उनका स्वागत किया।

रेड कार्पेट और गार्ड ऑफ ऑनर के बाद पुतिन का काफिला एयरपोर्ट से रवाना हुआ। रूसी राष्ट्रपति दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में ठहरे हैं।

ब्रिक्स से पहले आज प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन की बैठक होगी। इसमें एसयू-57 फाइटर जेट और अपडेटेड ब्रह्मोस समेत कई डिफेंस डील पर चर्चा हो सकती है।



रूस भारत को फाइटर जेट की बिक्री के साथ भारत में इसका उत्पादन और जरूरी तकनीक साझा करने की पेशकश पहले ही कर चुका है। भारत चाहता है कि इस डील से उसे ऐसी तकनीक मिले, जिसका इस्तेमाल आगे स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने में भी किया जा सके।

### पुतिन से पहले उनकी बख्तरबंद कार पहुंची

ब्रिक्स समिट में शामिल हो रहे दुनिया के 2 बड़े नेताओं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के काफिले सबसे बड़े होंगे। गुरुवार को जेवर एयरपोर्ट पर 3 रूसी ट्रांसपोर्ट विमान के जरिए पुतिन का काफिला और ऑरस सीनेट बख्तरबंद लिमोजिन भी भारत पहुंची। पुतिन के साथ भारत आने वाला फ्लाइंग क्रेमलिन आईएल-96-300पीयू विमान चलता-फिरता राष्ट्रपति कमांड सेंटर है। दिल्ली में पुतिन की अंदरूनी सुरक्षा एफएसओ संभालेगी, जबकि भारतीय एजेंसियां बाहरी घेरा रखेंगी। उन्हें दिए जाने वाले खाने की अलग जांच होगी। रूस अपने रसोइयों का इस्तेमाल करेगा। इससे पहले, रूस की दूसरी आईआई-96 स्पेशल फ्लाइट राजनयिकों के साथ दिल्ली पहुंची। पहले डिप्टी पीएम डेनिस मंटुरोव भी भारत पहुंच चुके हैं।

स्वाइन फ्लू था, जांच में एच1एन1 के साथ कोविड भी निकला था

# शाजापुर की महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती शाजापुर की महिला की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन के मुताबिक 1 सितंबर को महिला की जांच हुई थी। इसमें एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। 2 सितंबर की एक अन्य रिपोर्ट में कोविड संक्रमण भी पाया गया।

हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने महिला की स्वाइन फ्लू से मौत होने की पुष्टि नहीं की है। महिला शाजापुर की रहने वाली थीं। वह एक सरकारी डॉक्टर की पत्नी थीं। परिजन के मुताबिक उन्हें 28 अगस्त से बुखार, खांसी, और सर्दी के लक्षण थे। 1 सितंबर को स्वाइन फ्लू की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें इलाज के लिए इंदौर लाया गया था। लगातार आ रहे मामले 4 सितंबर को धार की युवती में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई। अगस्त में उज्जैन की 60 वर्षीय महिला की इंदौर के




निजी अस्पताल में मौत हुई थी। जांच में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई थी। इसे स्वाइन फ्लू से प्रदेश में इस सीजन की पहली मौत बताया गया था।

## नेपाल में पुनर्निर्माण के लिए 4.52 लाख करोड़ लगेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू**

नेपाल में 26 अगस्त को आई भयानक बाढ़ ने इतनी बड़ी तबाही मचाई है कि अब टूटे घर, सड़कें और पुल फिर से बनाने में 4.52 लाख करोड़ भारतीय रुपए खर्च होने का अनुमान है। यह रकम नेपाल की जीडीपी 4.32 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है।

बाढ़ से करीब 16 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 1377 लोगों की मौत हो चुकी है और 5130 लोग लापता हैं। कुल अनुमानित खर्च का करीब 75% यानी ?2.96 लाख करोड़ सड़क, पुल, बिजली और दूसरी जरूरी सुविधाएं फिर से बनाने में लगेगा। बाढ़ में 7,570 घर, 48 सरकारी इमारतें, 18 स्कूल और 7 स्वास्थ्य केंद्र भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। नेपाल के राहत और बचाव अभियान में भारत लगातार मदद कर रहा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 26 अगस्त से अब तक आठ विशेष उड़ानों के जरिए नेपाल को 130 टन से ज्यादा राहत सामग्री भेजी गई है।

# आज बैंकों की हड़ताल, 5-डे वर्किंग की मांग पर अड़े बैंककर्मी

### शनिवार-रविवार की छुट्टी के चलते 3 दिन बंद रहेंगे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

एसबीआई, पीएनबी और यूनियन बैंक सहित देशभर के सरकारी और कुछ निजी बैंक आज से लगातार तीन दिन बंद रहेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 2 साल से अटकी 5-डे वर्किंग की मांग को लेकर शुक्रवार को एक दिन की हड़ताल का ऐलान किया है।

इसके बाद 12 सितंबर को महीने का दूसरा शनिवार और 13 सितंबर को रविवार होने के कारण बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। अगर सरकार और बैंक मैनेजमेंट ने मांगें नहीं मानीं, तो 26 अक्टूबर से देशभर के बैंकों में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो जाएगी। बैंकों ने अपने ग्राहकों से कहा है कि हड़ताल की वजह से ब्रांच स्तर की सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि, इस दौरान यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम जैसी डिजिटल सेवाएं चालू रहेंगी। यूएफबीयू का कहना है कि 8 मार्च 2024 को इंडियन बैंक्स एसोसिएशन यानी आईबीए के साथ 12वें द्विपक्षीय समझौते और 9वें जॉइंट नोट पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें 5-डे बैंकिंग लागू करने पर सहमति बनी थी। इसके तहत कर्मचारी सोमवार से शुक्रवार तक रोज 40 मिनट ज्यादा काम करेंगे।

सरकारी अस्पताल होंगे पेपरलेस, 1 नवंबर से डिजिटल व्यवस्था का लक्ष्य

# अस्पतालों में एचएमआईएस लागू करने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले में भी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव प्रस्तावित है। राज्य में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के माध्यम से अस्पतालों की व्यवस्थाओं को ऑनलाइन करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत 1 नवंबर से सरकारी अस्पतालों में पेपरलेस व्यवस्था लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका असर उज्जैन के सरकारी अस्पतालों में भी देखने को मिलेगा।

**पर्याप्त उपकरण और कर्मचारियों के प्रशिक्षण को लेकर चुनौती**

नई व्यवस्था लागू होने के बाद मरीजों को ओपीडी में पर्ची बनवाने के लिए कागज पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मरीज की जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज की जाएगी और ओपीडी से संबंधित जानकारी मोबाइल के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इससे अस्पतालों के रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने के साथ पुराने मरीजों की जानकारी तलाशना भी आसान हो सकेगा। हालांकि व्यवस्था को लेकर सबसे बड़ी चुनौती इसका जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन है। उज्जैन सहित प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में प्रत्येक पंजीयन केंद्र और संबंधित कर्मचारी के पास पर्याप्त कंप्यूटर, टैबलेट और अन्य डिजिटल उपकरण उपलब्ध होना जरूरी होगा। उपकरणों की कमी होने पर डिजिटल पंजीयन के बजाय मरीजों की परेशानी और भी बढ़ सकती है।





### कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी जरूरी

पेपरलेस व्यवस्था केवल सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने से सफल नहीं होगी। पंजीयन केंद्र के कर्मचारियों, ओपीडी स्टाफ, चिकित्सकों और अन्य संबंधित कर्मचारियों को एचएमआईएस के संचालन का पर्याप्त प्रशिक्षण देना होगा। मरीज की जानकारी दर्ज करने, डिजिटल पर्ची उपलब्ध कराने और तकनीकी समस्या आने पर तत्काल समाधान की व्यवस्था भी जरूरी होगी। इसके साथ अस्पतालों में निर्बाध बिजली, भरोसेमंद इंटरनेट, सर्वर और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना भी चुनौती होगी। इंटरनेट या सर्वर में खराबी आने पर ओपीडी पंजीयन जैसी जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसलिए डिजिटल व्यवस्था के साथ वैकल्पिक व्यवस्था रखना भी जरूरी होगा।

### मरीजों को भी देनी होगी मदद

डिजिटल व्यवस्था का लाभ लेने में बुजुर्गों, ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और स्मार्टफोन का कम उपयोग करने वाले लोगों को शुरुआती दौर में परेशानी हो सकती है। ऐसे में उज्जैन के सरकारी अस्पतालों में सहायता केंद्र या मार्गदर्शन काउंटर की व्यवस्था उपयोगी साबित हो सकती है। यदि 1 नवंबर तक उपकरण, इंटरनेट, तकनीकी सहायता और कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित कर लिया जाता है तो यह व्यवस्था सरकारी अस्पतालों की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है। लेकिन पर्याप्त तैयारी के बिना इसे लागू करना मरीजों और अस्पताल कर्मचारियों, दोनों के लिए नई परेशानी खड़ी कर सकता है।



## खबर एक नजर...

### भाजपा केशव नगर मंडल की कार्यसमिति संपन्न, संगठन की मजबूती पर जोर

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी केशव नगर मंडल की कार्यसमिति की बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसेवा और आगामी अभियानों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, जहां कार्यकताओं ने पूरी सक्रियता के साथ काम करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने संगठन की कार्यपद्धति, आगामी गतिविधियों और कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर दिशा-निर्देश दिए। निगम सभापति कलावती यादव ने संगठन की मजबूती और जनसेवा में कार्यकताओं के समर्पण को महत्वपूर्ण बताया।

### महाराष्ट्र समाज में घर- घर पहुंचेगी गणेशोत्सव पत्रिका

**उज्जैन।** महाराष्ट्र समाज द्वारा आगामी 14 से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले वृहद गणेशोत्सव की जानकारी समाजजनों तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम पत्रिका का विमोचन किया गया। आयोजनों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस पत्रिका का वितरण समाज के घरों में किया जाएगा। गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष संजय दिवटे ने बताया कि विमोचन के पश्चात प्रथम कार्यक्रम पत्रिका पानदरीबा स्थित श्री गणपति मंदिर में भगवान गणेश को समर्पित की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी परिवारों तक 12 दिवसीय गणेशोत्सव की विस्तृत जानकारी पहुंचाकर उन्हें कार्यक्रमों से जोड़ना है।

### लालपुर बालगृह के बच्चों ने सीखे ईको-फ्रेंडली गणपति बनाना

**उज्जैन।** शासकीय बाल गृह एवं बालिका गृह लालपुर में शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में बच्चों के लिए मिट्टी के गणपति निर्माण की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक भारती वर्मा ने बच्चों को सरल तरीके से मिट्टी से सुंदर और आकर्षक गणपति बनाना सिखाया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ ईको-फ्रेंडली प्रतिमाएं बनाना सीखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ गायत्री अटल उपस्थित रहीं तथा अध्यक्षता सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर के.के. पवार ने की। विशेष अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष लोकेंद्र शर्मा और वन विभाग के शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन समिति की उपाध्यक्ष प्रीति गोयल द्वारा किया गया।

### काशी की पावन मिट्टी लेकर पंचमपुरा पहुँची कलश वंदन यात्रा

**उज्जैन।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत कलश वंदन यात्रा उज्जैन दक्षिण विधानसभा के शहीद राजाभाऊ महाकाल मंडल स्थित पंचमपुरा संत रविदास मंदिर पहुँची। काशी की पावन धरती से लाई गई जन्मस्थली की मिट्टी से युक्त कलश का यहाँ भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान संत रविदास जी की समरसता महाआरती संपन्न हुई। श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं एससी मोर्चा इंदौर संभाग प्रभारी ओमप्रकाश मोहने और उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि यह केवल एक कलश यात्रा नहीं, बल्कि संत रविदास महाराज की जन्मभूमि काशी से उनके विचारों, आशीर्वाद और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने वाली भावनाओं की यात्रा है। पंचमपुरा पहुँचने पर कलश वंदन करते हुए उपस्थित समाजबंधुओं की आँखों में आस्था और हृदय में गर्व की अनुभूति दिखाई दी।

### उज्जैन के बेटे आशीष सिंह जादौन बने सेना में लेफ्टिनेंट

**उज्जैन।** शहर के युवा आशीष सिंह जादौन ने भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट बनकर उज्जैन का नाम रोशन किया है। आशीष ने अपने सैन्य करियर के पहले और दूसरे दोनों प्रयासों में सेवा चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसित होकर अखिल भारतीय स्तर पर 18वीं रैंक प्राप्त की है। चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में कड़ा सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उन्हें सेना में अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त हुआ है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर शहरवासियों और पूर्व सैनिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। आशीष के पिता सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर अजय सिंह जादौन भी भारतीय थल सेना में लगभग 30 वर्षों तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सेना के प्रति परिवार के इसी समर्पण और लगाव को आगे बढ़ाते हुए आशीष ने यह मुकाम हासिल किया है। वर्तमान में उनके पिता अपने बड़े बेटे के साथ होटल व्यवसाय संचालित कर रहे हैं।

---

#### बारिश की इस बेरुखी ने अब आमजन के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की चिंता भी बढ़ा दी

# पलक पावड़े बिछाए बारिश का इंतजार, गंभीर डेम आधी क्षमता से भी नहीं भरा



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर की जलापूर्ति का प्रमुख आधार गंभीर डेम इस वर्ष अब तक अपनी आधी क्षमता तक भी नहीं भर पाया है। जोरदार बारिश की लंबी प्रतीक्षा के बीच डेम का जलस्तर लगातार चिंता का कारण बनता जा रहा है। मालवा क्षेत्र में भादव मास में झमाझम बारिश के पुराने रिकॉर्ड रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरणीय असंतुलन के चलते बारिश का मिजाज बदल गया है। इस बार भी भादव मास की शुरूआत में काले बादल तो रोजाना उमड़-घुमड़कर आ रहे हैं, लेकिन बिना बरसे ही आगे निकल जा रहे हैं।

शहरवासी आसमान में छाए काले बादलों को देखकर भारी बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन हर दिन उम्मीद के विपरीत निराशा हाथ लग रही है। बुजुर्गों का कहना है कि भादव में कभी ऐसा समय आता था, जब बारिश की झड़ी लग जाती थी। अब स्थिति यह है कि बादल आते हैं, शहर में कुछ देर के लिए अंधेरा छा जाता है और लगता है कि जोरदार बारिश होने वाली है, लेकिन थोड़ी ही देर बाद तेज धूप निकल आती है। बारिश की इस बेरुखी ने अब आमजन के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की चिंता भी बढ़ा दी है। सभी की निगाहें गंभीर डेम पर टिकी हैं, क्योंकि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो पेयजल व्यवस्था को लेकर चुनौती बढ़ सकती है।

### इंदौर और आसपास भी बारिश का इंतजार

उज्जैन के गंभीर डेम में पानी की आवक का बड़ा स्त्रोत इंदौर और आसपास का क्षेत्र है। इंदौर, देपालपुर सहित कैचमेंट क्षेत्र में अच्छी बारिश होने पर यशवंत सागर में पानी बढ़ता है। यशवंत सागर के लबालब होने के बाद सायफन खोले जाते हैं और वहां से बहकर आने वाला पानी गंभीर डेम में पहुंचता है। इस वर्ष यशवंत सागर में भी पर्याप्त पानी नहीं होने से गंभीर डेम में पानी की आवक प्रभावित है। ऐसे में गंभीर डेम को भरने के लिए अब जोरदार बारिश का इंतजार है।

### पलक पावड़े बिछाए बारिश का इंतजार

टीम ने गुरुवार शाम गंभीर डेम का जायजा लिया। डेम का बड़ा हिस्सा खाली नजर आया और जलभराव क्षमता के मुकाबले पानी आधे से भी कम था। गंभीर डेम की पूर्ण जलभराव क्षमता 2250 एमसीएफटी (मिलियन क्यूबिक फीट) है, जबकि गुरुवार शाम तक डेम में करीब 794 एमसीएफटी पानी ही संग्रहित था। यानी डेम अपनी कुल क्षमता के करीब 35 प्रतिशत तक ही भरा है।

सावन में 1100 एमसीएफटी तक पहुंचा था पानी बारिश के दौरान सावन माह में गंभीर डेम में जलसंग्रहण करीब 1100 एमसीएफटी तक पहुंच गया था। इसके बाद बारिश की लंबी खींच के कारण पानी कम होता गया। वाष्पीकरण और सीपेज के कारण भी जलसंग्रहण में कमी आई और गुरुवार शाम तक डेम में करीब 794 एमसीएफटी पानी ही रह गया।

**– प्रवीण वर्मा, उपयंत्री एवं प्रभारी, गंभीर डेम कंट्रोल रूम, देवासगेट**

**गंभीर डेम की स्थिति-** पूर्ण क्षमताः 2250 एमसीएफटी, वर्तमान संग्रहणः करीब 794 एमसीएफटी, सावन में अधिकतम संग्रहणः करीब 1100 एमसीएफटी, प्रतिदिन जलापूर्ति में खर्चः करीब 5 एमसीएफटी, कुल क्षमता का वर्तमान उपयोगः करीब 35 प्रतिशत

---

#### मिलावटखोरों पर प्रशासन का आर्थिक चाबुक चला

# 21 कारोबारियों पर 7.21 लाख का जुर्माना




**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

त्योहारी सीजन से पहले मिलावटखोरों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी एवं सख्त कार्रवाई की है। प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा विभाग के 21 प्रकरणों में सुनवाई कर कुल 7 लाख 21 हजार

### मावा-पनीर से लेकर पापड़-पानी तक अमानक

रुपये का जुमार्ना ठोका है। इन मामलों में मिथ्याछाप नमकीन-पानी , होटल-रेस्टोरेंट में खुला पनीर, पापड़ से लेकर धनिया पाउडर तक नकली, बिना लाइसेंस चल रही दुकानें जैसे मामले शामिल हैं। एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर ने खाद्य सुरक्षा विभाग के 21 प्रकरणों में सुनवाई कर कुल 7 लाख 21 हजार रुपये का जुमार्ना ठोका है। एडीएम गुर्जर ने साफ कहा - आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापामार कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### मिथ्याछाप नमकीन-पानी पर शिकंजा-

फर्म पोरवाल जी नमकीन के संचालक नितेश भट्ट द्वारा मिथ्या छाप रतलामी नमकीन बेचने, सोनम इंडस्ट्रीज और बांसुरी वाला रेस्टोरेंट द्वारा मिथ्याछाप पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर का निर्माण और विक्रय करने पर कार्रवाई हुई।

**होटल-रेस्टोरेंट में खुला पनीर-** विक्रमादित्य होटल के दिनेश राठौर द्वारा मानव उपयोग के लिए अयोग्य खुला पनीर का उपयोग और भंडारण करते पाए गए। वहीं बेमिसाल बेकर्स, देवास रोड पर पैकिंग और निर्माण नियमों का उल्लंघन मिला। मालवा किराना स्टोर के पवन गोयल पर मिथ्याछाप अग्रवाल 420 पापड़ और पंजाबी मसाला पापड़, महाकाल किराना इंगोरिया और शिवम इंटरप्राइजेज घट्टिया पर प्रतिबंधित लूज धनिया पाउडर बेचने पर जुमार्ना लगा। पारस किराना महिदपुर पर ब्लैक डायमंड काली मिर्च मिथ्याछाप मिली।

### मावा-मिठाई में सबसे ज्यादा मिलावट-

शिव मावा भट्टी महिदपुर के शिव चौधरी, नाकोड़ा मावा भंडार और मां कृपा कोल्ड स्टोरेज के नामिष भंडारी द्वारा अमानक मावा का निर्माण–भंडारण, श्री जोधपुर स्वीट्स के भूपेंद्र व्यास पर मिथ्याछाप मावा बर्फी और गणेश प्रसाद भंडार के गुलाब सिंह गोदिया पर मिथ्याछाप बूंदी के लड्डू बेचने पर केस दर्ज हुआ। न्यू सिंध डेयरी जवाहर नगर पर गाय–भैंस मिक्स दूध को शुद्ध बताकर बेचना भारी पड़ा।

**बिना लाइसेंस चल रही दुकाने**

राजा मटन शॉप गणेशपुरा के हनीफ कुरैशी और राधिका किराना सनराइज सिटी के शशिकांत विजयवर्गीय बिना खाद्य लाइसेंस/पंजीयन के ही कारोबार करते मिले।

---

# ट्रांसपोर्ट संचालकों के यहां से 90 हजार से अधिक डिस्पोजल ग्लास जब्त

#### प्रतिबंध एवं जब्ती के बावजूद अमानक डिस्पोजल की आवक बढ़ी



### उन्हेल चौराहे पर 16 दुकानों पर 19 हजार रुपए का जुमार्ना, 13 किलो सामग्री जब्त

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई। गुरुवार को दुध तलाई क्षेत्र में अग्रवाल ट्रांसपोर्ट एवं अशोक ट्रांसपोर्ट से 8-10 बॉक्स में रखे 90 हजार से अधिक अमानक डिस्पोजल ग्लास जब्त किए गए। टीम ने अन्य दुकानों में पॉलिथीन भी जब्त की। कार्रवाई उपायुक्त संजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षक मुकेश भाटी की टीम ने की।

इसी प्रकार वार्ड-1 उन्हेल चौराहा पर एक दिन पहले अनाउंसमेंट के बाद भी नियम टूटते मिले। 16 दुकानों पर 19,150 रु जुमार्ना, 13.5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। कोयला भट्टी, डस्टबिन न रखने और धार्मिक स्थल के पास गंदगी के भी चालान बनाए गए। इंद्रपुरी, सेठी नगर में रहवासियों पर 2500 रु जुमार्ना। कार्रवाई में निरीक्षक अजय दावरे, दरोगा समीर, मस्तहक, सेफु की टीम रही।

---

# उज्जैन को मिली यूआईडीएआई के अत्याधुनिक आधार सेवा केंद्र की सौगात

### सातों दिन मिलेगी आधार संबंधी सेवाएं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए विशेष काउंटर

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

आधार सेवाओं को आम नागरिकों के लिए अधिक सुगम, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने उज्जैन में अत्याधुनिक आधार सेवा केंद्र शुरू किया है। अब नागरिक आधार से संबंधित विभिन्न सेवाओं के लिए नानाखेड़ा स्थित नए केंद्र पर पहुंचकर सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। नवीन आधार सेवा केंद्र उ-10/8, महाकाल वाणिज्य केंद्र, नानाखेड़ा, उज्जैन-456010 पर संचालित किया जा रहा है। केंद्र सप्ताह के सातों दिन खुला रहेगा। इससे नौकरीपेशा, व्यवसायी और अन्य नागरिकों को अपनी सुविधा के अनुसार आधार संबंधी कार्य कराने में सहूलियत होगी।




केंद्र को नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के साथ ही दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सर्विस काउंटर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। नागरिक अपनी सुविधानुसार समय स्लॉट बुक कर निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचकर सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। इस नए केंद्र के शुरू होने से आधार से जुड़े कार्यों के लिए नागरिकों को बेहतर सुविधा और व्यवस्थित सेवा मिलने की उम्मीद है।

---

#### नेता प्रतिपक्ष ने नगर निगम पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

# कौड़ियों के भाव नीलाम हो रहे निगम के चालू वाहन

### 31 में से 13 वाहन विभिन्न विभागों में दे रहे सेवाएं, बिना परिषद की स्वीकृति के बेचने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

नगर पालिक निगम के वर्कशॉप विभाग में वाहनों की नीलामी में बड़े भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने आरोप लगाया है कि अधिकारियों की मिलीभगत से निगम के चालू हालत वाले कीमती वाहनों को भी कबाड़ बताकर नाममात्र की कीमत पर बेचा जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को उन्होंने निगमायुक्त को पत्र सौंपकर तत्काल नीलामी प्रक्रिया रोकने और दोषियों के खिलाफ जांच की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. राय ने अपने पत्र में बताया कि वर्कशॉप विभाग के प्रभारी अधिकारी व कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय और सहायक यंत्री कृष्णा भूरिया ने 31 वाहनों को बेचने के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से मूल्यांकन करवाया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन 31 वाहनों में से 13 वाहन वर्तमान में निगम के झोन कार्यालयों, उद्यान विभाग, ट्रेंचिंग ग्राउंड, कपिला गौशाला, पुल वाहन, अतिक्रमण गैंग और एमआर 5 कचरा प्लांट में कार्यरत हैं और पूरी तरह चालू हालत में हैं।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के साथ पार्षद नाजिया कुरैशी, नजमा बी, सपना सांखला, सुलेखा राजेंद्र वशिष्ठ, शमशाद मेहताब लाला और मो. अनवर सहित अन्य पार्षदों ने निगम के राजस्व हित को देखते हुए तत्काल प्रभाव से बिक्री कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही इस कार्य में संलिप्त निगम अधिकारियों और मूल्यांकन करने वाले प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों को भी जांच के दायरे में लेने की मांग की गई है।

### महज 9.40 लाख तय की गई कीमत, मूल्यांकन हास्यास्पद

प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी डॉ. केआर अहिरवाल और डॉ. रवि द्विवेदी द्वारा इन 31 वाहनों की कुल नीलामी राशि मात्र 9 लाख 40 हजार 103 रुपये तय की गई है। नेता प्रतिपक्ष ने इस मूल्यांकन को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि चालू और कीमती वाहनों को नाममात्र की कीमत पर बेचने की अनुशंसा की गई है, जिससे नगर निगम को लाखों रुपये के राजस्व की हानि होगी। डॉ. राय ने सवाल उठाया कि यह वाहन किसके निर्देश पर बेचे जा रहे हैं, क्योंकि इसके लिए परिषद या एमआईसी से कोई स्वीकृति भी प्राप्त नहीं की गई है।

### 2022 के कबाड़ घोटाले का भी किया जिक्र

शिकायती पत्र में निगमायुक्त को याद दिलाया गया कि वर्ष 2022 में भी सभी झोन कार्यालयों और निगम विभागों की कबाड़ सामग्री का मूल्यांकन इसी प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा किया गया था। उस समय लगभग 2 करोड़ रुपये के स्क्रैप की गणना मात्र 33 लाख रुपये की गई थी। इसके बाद तत्कालीन निगमायुक्त रोशन सिंह द्वारा मामले में जांच कमेटी का गठन किया गया था।

---

# शिप्रा आरती विवाद पर देशभर के तीर्थ पुरोहित एकजुट

### महासभा ने दी आंदोलन की चेतावनी, राणोजी की छतरी घाट पर आरती व्यवस्था का विरोध

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मां शिप्रा की आरती को लेकर चल रहा विवाद अब स्थानीय सीमाओं से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचता दिखाई दे रहा है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा राणोजी की छतरी के घाट पर आरती कराए जाने की व्यवस्था का देशभर के तीर्थ पुरोहितों ने विरोध किया है। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के विभिन्न प्रमुख तीर्थ क्षेत्रों से पहुंचे पुरोहितों ने इसे पारंपरिक धार्मिक व्यवस्था में हस्तक्षेप बताते हुए अपनी नाराजगी जताई।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन श्री क्षेत्र पंडा समिति, उज्जयिनी एवं समस्त पंडा-पुरोहितों की ओर से किया गया। बैठक की शुरूआत मां शिप्रा के पूजन से हुई। उज्जैन के युवा तीर्थ पुरोहितों ने विधि-विधान से शिप्रा पूजन कराया। इसके बाद धर्मसभा एवं कार्यकारिणी की बैठक में शिप्रा आरती की परंपरा, तीर्थ पुरोहितों की भूमिका और धार्मिक व्यवस्थाओं में प्रशासनिक हस्तक्षेप को लेकर चर्चा हुई।




अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि तीर्थों की धार्मिक परंपराएं केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं हैं, बल्कि इनके पीछे कई पीढ़ियों की आस्था, परंपरा और पुरोहित समाज का योगदान जुड़ा हुआ है। इसलिए स्थानीय धार्मिक परंपराओं को नजरअंदाज कर प्रशासनिक स्तर पर व्यवस्था में बदलाव करना उचित नहीं है। महासभा ने शासन-प्रशासन से मांग की कि धार्मिक अनुष्ठानों और परंपरागत व्यवस्थाओं में तीर्थ पुरोहितों की भूमिका और अधिकारों का सम्मान किया जाए। संगठन का कहना है कि देशभर के लगभग 135 तीर्थ क्षेत्रों के प्रतिनिधि महासभा से जुड़े हैं। यदि उज्जैन के मामले का समाधान बातचीत और ज्ञापन के माध्यम से नहीं हुआ तो आंदोलन को देश के अन्य तीर्थ क्षेत्रों तक ले जाया जाएगा। श्री क्षेत्र पंडा समिति के अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिवेदी ने उज्जैन की ओर से देशभर से आए तीर्थ पुरोहितों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### 'उज्जैन से शुरू हुई बात दिल्ली तक जाएगी'

बैठक में वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने पुरोहितों की परंपरा और सम्मान की अनदेखी की तो उज्जैन से उठी आवाज दिल्ली तक जाएगी। तीर्थ पुरोहितों में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि धार्मिक परंपराओं का संचालन उनकी मूल भावना और वैदिक विधि-विधान के अनुरूप ही होना चाहिए। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण तिवारी ने शासन-प्रशासन से मामले में शीघ्र संज्ञान लेने और तीर्थ पुरोहितों की परंपरागत व्यवस्था एवं अधिकारों को सुरक्षित रखने की मांग की।

### देशभर के तीर्थों से पहुंचे प्रतिनिधि

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इलाहाबाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण तिवारी, मुख्य वरिष्ठ महामंत्री पंडित नवीन नागर, मथुरा से दास जी महाराज, कानपुर से पंडित श्री चंद्रकांत शिफोला, हरिद्वार से पंडित श्रीकांत वशिष्ठ, रामेश्वरम से पंडित अरविंद मुरलीधर, बैजनाथ धाम से पंडित नुनु भाई मिश्र, अयोध्या से पंडित नंदकुमार मिश्रा, बिठूर से पंडित आशुतोष द्विवेदी एवं पंडित अनुज मिश्रा, त्र्यंबकेश्वर से पंडित हेरंभ शिखरे सहित नैमिषारण्य, काशी, कुरुक्षेत्र सहित देश के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए।

---

#### महाकाल से रामलला तक निकलेगी सनातन स्वाभिमान यात्रा

# 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर उज्जैन से अयोध्या के लिए यात्रा का शुभारंभ करेंगे दिग्विजय सिंह

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

विजयादशमी के पावन पर्व पर 20 अक्टूबर 2026 को महाकाल मंदिर उज्जैन से रामलला मंदिर अयोध्या तक ह्यसनातन स्वाभिमान यात्राह्व निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ शिवधाम उज्जैन से होगा और इसका समापन




रामधाम अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ किए जाने की बात कही गई है। यात्रा को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह यात्रा धर्म, आस्था और सामाजिक सद्भाव के उद्देश्य से निकाली जा रही है। उन्होंने सनातन परंपरा में आस्था रखने वाले लोगों से यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने यात्रा के निमंत्रण के साथ ह्लजय सियारामह्व और ह्लयतो धर्मस्ततो जयाह्व का संदेश भी दिया है। विजयादशमी के दिन महाकाल की नगरी उज्जैन से शुरू होकर अयोध्या तक पहुंचने वाली इस यात्रा को धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव से जोड़कर देखा जा रहा है। यात्रा को लेकर आयोजकों की ओर से आगामी दिनों में मार्ग, पड़ाव और अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी जारी किए जाने की संभावना है।

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

क्रोधो मूलमनर्थानां क्रोधः संसारबन्धनम्।
धर्मक्षयकरः क्रोधः तस्मात् क्रोधं विवर्जयेत्।।
अर्थ: क्रोध सभी विपत्तियों का मूल कारण है, क्रोध सांसारिक बंधन का कारण है, क्रोध धर्म का नाश करने वाला है, इसलिए क्रोध का त्याग करें।

## खबर एक नजर...

### शराब के पैसों को लेकर विवाद सोते समय हम्माल की हत्या

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे 50 वर्षीय स्वर्णदीप उर्फ गोल्डी का शव फुटपाथ पर खून से लथपथ मिला। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस के मुताबिक, गोल्डी की हत्या सिर पर वार करके की गई। घटना के बाद उसके साथी बंटी के फरार होने पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। पुलिस के मुताबिक, गोल्डी ट्रांसपोर्ट नगर में हम्माली करने के साथ ट्रकों की चौकीदारी भी करता था। वह कई सालों से इसी इलाके में रह रहा था और फुटपाथ पर ही सोता था। उसका साथी बंटी चूमलखा भी उसके साथ रहता था। बुधवार शाम दोनों को ट्रांसपोर्ट नगर में एक साथ शराब पीते हुए लोगों ने देखा था। दोनों रोजाना फुटपाथ पर एक ही जगह सोते थे। पुलिस के अनुसार, रात करीब 11 बजे शराब के पैसों की उधारी को लेकर गोल्डी और बंटी के बीच विवाद हुआ था। दोनों के बीच मारपीट भी हुई। इसके बाद रात करीब 1 बजे जब गोल्डी सो रहा था, तब बंटी ने गुस्से में उसके सिर पर वार कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने ट्रांसपोर्ट नगर में कबाड़ की दुकान के पास पड़ी कुल्हाड़ी से गोल्डी के सिर पर हमला किया था। सुबह करीब 6 बजे फुटपाथ पर चाय की दुकान चलाने वाले व्यक्ति ने गोल्डी को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। उसके पास बंटी नहीं था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### सेंट्रल जेल में एनडीपीएस के आरोपी पर हमला, एमजी रोड पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

**इंदौर।** सेंट्रल जेल में एनडीपीएस एक्ट के मामले में बंद विचाराधीन कैदी पर एक अन्य कैदी ने खाना बांटने वाले डंके से हमला कर दिया। आरोपी ने कैदी के सिर और नाक पर वार किए। घटना के बाद जेल अस्पताल में उसका प्राथमिक इलाज कराया गया और मेडिकल कराया गया। सेंट्रल जेल प्रबंधन की शिकायत पर एमजी रोड थाना पुलिस ने आरोपी कैदी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सेंट्रल जेल अधिकारियों की शिकायत के अनुसार, जूना पीठा निवासी शाकीर उर्फ मेडिकल पुत्र नासिर एनडीपीएस के मामले में विचाराधीन कैदी है। शाकीर ने जेल प्रशासन को बताया कि वह बैरक नंबर 2 के पास घूम रहा था। इसी दौरान कैदी पुष्पेंद्र पुत्र लक्ष्मी किशोर वहां आया और बिना किसी कारण के उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर पुष्पेंद्र वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह खाना बांटने वाला डंका लेकर वापस आया। पुष्पेंद्र ने आते ही शाकीर के सिर और नाक पर डंके से वार करना शुरू कर दिया। हमले में घायल होकर शाकीर जमीन पर गिर गया। इसके बाद वार्ड का संतरी और अन्य कैदी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। संतरी और अन्य कैदियों ने पुष्पेंद्र को पकड़ लिया और शाकीर को बचाया। जेल प्रशासन के अनुसार, हमले की सही वजह अभी पता नहीं चल सकी है।

### पेंशन कार्ड का फेसबुक विज्ञापन देखना पड़ा महंगा

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में रहने वाले 75 वर्षीय रिटायर्ड आर्मी जवान से पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर 1 लाख 23 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी हो गई। शशिकांत दुरापे ने फेसबुक पर एसबीआई के लोगो वाला पेंशन कार्ड बनाने का विज्ञापन देखा था। भरोसा कर विज्ञापन पर आवेदन करने के बाद ठग ने वॉट्सऐप कॉल कर उनसे डेबिट कार्ड की जानकारी और डळढ ले लिया। इसके बाद छह बार में उनके खाते से रकम कट गई। शशिकांत ने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर को फेसबुक चलाते समय उन्हें एसबीआई की ओर से पेंशन कार्ड बनाने का विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन पर बैंक का लोगो लगा होने के कारण उन्होंने इसे वास्तविक समझकर आवेदन कर दिया। कुछ समय बाद वॉट्सऐप नंबर से उनके पास कॉल आया। कॉल करने वाले ने पहले कुछ व्यक्तिगत जानकारी ली। उम्र और आर्मी से रिटायर होने की जानकारी लेने के बाद वह काफी देर तक उनसे बातचीत करता रहा। इससे शशिकांत को उस पर भरोसा हो गया।

### पीथमपुर सेक्टर एक थाना प्रभारी ओम प्रकाश अहीर बने डीएसपी

**पीथमपुर।** पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-1 थाने में थाना प्रभारी के रूप में काम कर रहे ओम प्रकाश अहीर की नई पोस्टिंग के आदेश जारी हो गए हैं। हाल ही में पुलिस मुख्यालय से जारी प्रमोशन लिस्ट में वे इंस्पेक्टर से उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) बने हैं। अब उन्हें धार जिले में उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुधार) के पद पर तैनात किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार के गृह विभाग के जारी राज्यस्तरीय ट्रांसफर लिस्ट के साथ ही पिछले कई दिनों से चल रही अटकलें खत्म हो गई हैं। पुलिस मुख्यालय से प्रमोशन लिस्ट जारी होने के बाद से ही पुलिस विभाग और स्थानीय गलियारों में इस बात की काफी चर्चा थी कि अहीर को प्रमोशन के बाद कहां भेजा जाएगा। जारी आदेश के मुताबिक, अब वे धार जिले में महिला सुरक्षा, अपराध कंट्रोल और महिला सुधार से जुड़े अहम मामलों की जिम्मेदारी संभालेंगे। इस लिस्ट में प्रदेश के कई अन्य सीनियर पुलिस अफसरों की भी नई पोस्टिंग की गई हैं।

### पीथमपुर में कम बारिश से फसलों पर संकट

**पीथमपुर।** पीथमपुर क्षेत्र में इस साल उम्मीद से काफी कम बारिश हुई है। इससे फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय किसान बालाराम मीणा ने बताया कि कम बारिश के कारण फसलों में मच्छर और इल्लियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। इससे इस बार कृषि उत्पादन में भारी गिरावट आने की आशंका है। कम बारिश का असर सिर्फ अभी की फसलों पर ही नहीं, बल्कि आने वाले गेहूं के सीजन और भविष्य में पीने के पानी की उपलब्धता पर भी पड़ेगा। किसानों ने सरकार से मांग की है कि अगली फसलों के लिए सिंचाई और पीने के पानी की सही व्यवस्था की जाए। साथ ही, प्रभावित किसानों को उचित राहत राशि भी दी जाए।

---

### 48 करोड़ में क्लीयर होगी 97 करोड़ के 2 ब्रिज की साइट, इतने में तो एक ब्रिज और बन जाता

# विभागों में तालमेल की कमी से एक और नुकसान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शहर के सबसे अहम एमआर-10, एमआर-9 और पूर्वी रिंग रोड के क्रॉसिंग पर ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए 97 करोड़ रुपए की लागत से दो ब्रिज बनाए जा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि साइट क्लीयर करने में ही आईडीए को 48 करोड़ रुपए की राशि अलग से खर्च करना होगी, जो मूल निर्माण लागत का लगभग 55 फीसदी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मेट्रो निर्माण और ड्रेनेज-पानी की लाइनें डालते समय विभागों के बीच समन्वय होता, तो इतने बजट में एक और चौराहे पर फ्लायओवर बन जाता। फिजिबिलिटी स्टडी के बाद रोबोट चौराहे पर रिंग रोड के दोनों ओर व रेडिसन चौराहे पर एक तरफ की ग्रीन बेल्ट को मर्ज कर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया। विस्तृत कार्ययोजना में सामने आया



कि ग्रीन बेल्ट के पेड़, यूटिलिटी और बिजली की बड़ी लाइनें मुख्य बाधा हैं। इस शिफ्टिंग व अन्य व्यय को मिलाकर आईडीए ने रोबोट (95.20 करोड़) और रेडिसन (77 करोड़) के लिए कुल 175 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति ली है। 18 से 24 महीने की निर्माण अवधि आठ महीने शिफ्टिंग में ही बीतेंगे सिंहस्थ में 18 से 20 महीने बचे हैं, जबकि ब्रिज को बनने में 18 से 24 महीने लगेंगे। अगले 6 से 8 महीने केवल पेड़ ट्रांसप्लांट करने और यूटिलिटी लाइनें शिफ्ट करने में ही निकल जाएंगे, जिसके बाद ही मुख्य निर्माण शुरू हो पाएगा।

**नगर निगम व बिजली कंपनी को होगा 45 करोड़ का भुगतान :** ग्रीन बेल्ट का उपयोग करने से रोबोट चौराहे से 1350 और रेडिसन चौराहे से 650 से अधिक (कुल 2000) छोटे-बड़े पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जाएगा। नगर निगम से मिले एस्टीमेट के अनुसार इस पर 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे। 400 से 500 मीटर लंबी पानी, ड्रेनेज व पीएनजी लाइनों को शिफ्ट करने में निगम को 22 करोड़ और रिंग रोड की 132 केवीए हाइटेंशन लाइनों को हटाने के लिए बिजली कंपनी को 17 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

**लागत और शिफ्टिंग खर्च रोबोट चौराहा फ्लायओवर लंबाई** : 500 मीटर लागत : 50 करोड़ रुपए पेड़ ट्रांसप्लांट-शिफ्ट : 4 करोड़ रुपए यूटिलिटी शिफ्टिंग : 15 करोड़ रुपए इलेक्ट्रिक लाइन : 12 करोड़ रुपए रेडिसन चौराहा फ्लायओवर लंबाई : 600 मीटर लागत : 47 करोड़ रुपए पेड़ ट्रांसप्लांट-शिफ्ट : 2 करोड़ रुपए यूटिलिटी चार्जेस : 9.5 करोड़ रुपए इलेक्ट्रिक लाइन : 5.5 करोड़ रुपए

**मेट्रो ट्रैक बनाते समय ही ध्यान देना चाहिए था** -प्रो. संदीप नारूलकर, इन्फ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ मेट्रो का ट्रैक बना, रिंग के आसपास यूटिलिटी लाइनें डाली तब ही यदि इस पर विचार कर लेते तो अतिरिक्त राशि खर्च होने से बच सकती थी। शहर में विकास एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी है।

---

### बाउंड्रीवॉल-जाली फेंसिंग तोड़ी, पेड़-पौधे उखाड़कर निर्माण सामग्री डाली, अवैध झोपड़ी भी बना दी

## ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाया, 10 लाख का स्पॉट फाइन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के जोन 8 के वार्ड 37 में नगर निगम के जोनल अधिकारी और भवन अधिकारी (बीओ) ने जी+3 भवन के निर्माण के दौरान ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण का मामला पकड़ा। गुरुवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया और ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाने पर 10 लाख रुपए का स्पॉट फाइन किया।

अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि जोन 8 में निर्माणाधीन जी+3 भवन की जानकारी मिलने के बाद जोनल अधिकारी और भवन अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। टीम ने निर्माण कार्य रुकवाया और भवन मालिक पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। निगम की ओर से मालिक को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि ग्रीन बेल्ट में निर्माण की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद भवन मालिक ने ग्रीन बेल्ट की बाउंड्रीवॉल और जाली फेंसिंग तोड़ दी थी।

यहां लगे नए पौधों और पेड़ों को भी उखाड़ दिया गया था। इसके अलावा मकान निर्माण की सामग्री ग्रीन बेल्ट में डाल दी गई और चौकीदार के रहने के लिए अवैध झोपड़ी भी बना दी गई थी।



अपर आयुक्त ने कहा कि ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले में आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्रीन बेल्ट पर इस तरह की कार्रवाई फिलहाल पहली बार की गई है।

**सूचना मिलने पर एमआईसी मेंबर ने भेजी टीम-** जनकार्य प्रभारी और एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर को मामले की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने जोन और उद्यान विभाग की टीम को मौके पर भेजा था। बॉम्बे हॉस्पिटल से निपानिया के बीच ग्रीन बेल्ट की बाउंड्रीवॉल और जाली फेंसिंग तोड़ने तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने पर कार्रवाई की गई। प्लॉट मालिक मित्तल ग्वालियर के रहने वाले हैं।

**सड़क पर अतिक्रमण पर 50 हजार रुपए का जुर्माना-** वहीं, सड़क पर अतिक्रमण करने पर एक भूस्वामी के खिलाफ 50 हजार रुपए का चालान किया गया। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भवन अधिकारियों को बेसमेंट के उपयोग, फायर सेफ्टी और स्ट्रक्चरल सेफ्टी की लगातार जांच करने तथा नियमों का उल्लंघन मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

#### होटल सिल्वोटेल समेत तीन बेसमेंट सील

बेसमेंट के अनधिकृत उपयोग और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर भी नगर निगम ने कार्रवाई की। पीयू-4 स्थित होटल सिल्वोटेल के बेसमेंट में पार्किंग के लिए स्वीकृत जगह पर किचन संचालित मिला, जिसे निगम ने सील कर दिया।
इसके अलावा डायमंड कॉलोनी और अपोलो स्क्वायर-जंजीरवाला स्क्वायर के पास स्वीकृत उपयोग के विपरीत बेसमेंट में शॉप-कम-रेस्टोरेंट और अन्य गतिविधियां मिलने पर दोनों बेसमेंट भी सील किए गए।

---

### छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर अब भी विवाद

## राहुल के कार्यक्रम के लिए किराया ही 10.5 लाख मांग रहे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के 19 सितंबर को होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम से पहले रीजनल पार्क के पास मैदान के किराए को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पांच दिनों का किराया साढ़े दस लाख रुपए मांग रहे हैं। पार्टी ने आयोजन को गैर-राजनीतिक और छात्रों से जुड़ा बताते हुए कहा कि इतना किराया हम कैसे जमा करवाएंगे?



शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का दावा है कि आईडीए अधिकारियों ने गुरुवार को एक ही दिन में किराए के तीन अलग-अलग आंकड़े बताए। चौकसे के मुताबिक सुबह करीब 1.30 लाख रुपए, दूसरी बार 2.50 लाख रुपए और शाम को 10.50 लाख रुपए किराया बताया।

इस आयोजन के लिए हमने पुलिस से क्लीयरेंस मांगा है। हमें पुलिस के जवाब का इंतजार है। उसके बाद किराए की गणना की जाएगी। -आईडीए प्रबंधन

15 दिन का पटाखा बाजार 2 लाख में, 5 दिन के 10.50 लाख क्यों? कांग्रेस का कहना है जिस मैदान की अनुमति छात्रों की गूंज के लिए मांगी गई है, वहीं 15 दिन का पटाखा बाजार लगता है। चौकसे के मुताबिक आईडीए सभी व्यापारियों से मिलाकर करीब 2 लाख रुपए किराया लेता है। ऐसे में पांच दिन के छात्र कार्यक्रम के लिए 10.50 लाख रुपए की मांग का आधार पूछा गया है। उन्होंने कहा अधिकारी भाजपा के दबाव में है।

---

## एमटीएच अस्पताल में अबॉर्शन के केस बढ़े

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

एमटीएच महिला अस्पताल में अबॉर्शन से जुड़े मामलों की संख्या छह महीनों में बढ़ी है। रिकॉर्ड के अनुसार पहले हर महीने करीब 15 से 20 मामले बोर्ड के सामने आते थे। अब प्रतिमाह 30 आ रहे। इन मामलों में गर्भावस्था की अवधि, महिला की स्थिति और कई मामलों में कानूनी पहलू के आधार पर विशेषज्ञों की राय ली जाती है। मेडिकल बोर्ड की प्रक्रिया ऐसे मामलों में महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि कुछ प्रकरण आगे चिकित्सा और कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा बनते हैं। हाई कोर्ट के सामने भी एमटीएच के मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट वाले कई मामले पहुंच चुके हैं। रोज बोर्ड, लेकिन सभी विशेषज्ञ एक जगह नहीं एमटीएच में इन मामलों की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड की प्रक्रिया रोज चलती है। व्यावहारिक स्थिति यह है कि बोर्ड में शामिल सभी विशेषज्ञ हर दिन एक ही समय पर एमटीएच में मौजूद नहीं रह सकते।

---

### सीएम के परिचित का मोबाइल लूटने वाले के घर पुलिस

## आरोपी मोबाइल बंद कर फरार, रिश्तेदार को पूछताछ के लिए उठाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र में 31 अगस्त की रात उज्जैन निवासी अनमोल वर्मा से मोबाइल लूटने के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। सूत्रों के मुताबिक खजराना निवासी अयाज पिता वारिस पठान ने वारदात को अंजाम दिया था। अयाज पर पहले से लूट के कई मामले दर्ज हैं और उसके ईरानी गैंग से जुड़े होने की जानकारी पुलिस को मिली है। वारदात इंद्रदेव महादेव मंदिर इलाके में हुई थी। अनमोल वर्मा मोबाइल लूट की शिकायत लेकर पलासिया थाने पहुंचे थे। पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने के बजाय शिकायती आवेदन लिया था। इससे पहले आरोपी तुकोगंज इलाके में एक होटल कर्मचारी का मोबाइल भी लूटकर आए थे।

#### बायपास पर तलाश करती रही पुलिस, लोकेशन से खजराना पहुंची

शुरुआत में पुलिस आरोपियों की तलाश बायपास क्षेत्र में करती रही। मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज की जांच में पुलिस को आरोपी के खजराना इलाके का रहने वाला होने की जानकारी मिली। इसके बाद जांच का फोकस खजराना पर किया गया। पुलिस के मुताबिक अयाज वारदात के बाद अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया। उसकी तलाश में पलासिया के साथ संयोगितागंज, छोटी ग्वालटोली और तुकोगंज थाने के पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया।

#### सीएम हाउस तक पहुंचा मामला, पुलिस कमिश्नर ने लगाई फटकार

एक सितंबर को मामला उज्जैन स्थित सीएम हाउस तक पहुंच गया। इसके बाद पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने मामले को लेकर अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपी की तलाश में जुटीं।

#### रिश्तेदार को पूछताछ के लिए बैठाया

पुलिस ने अयाज के रिश्तेदार आवेश पिता नासिर पठान को पूछताछ के लिए थाने में बैठाया है। पुलिस को जानकारी मिली है कि अयाज की आखिरी बार आवेश से ही बातचीत हुई थी। इसी आधार पर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने लूट का एक मोबाइल भी बरामद किया है। इसे आरोपी पक्ष के लोगों ने थाने में जमा कराया है। हालांकि, मुख्य आरोपी अयाज अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

---

### महिला को अस्पताल ले गया बिजनेसमैन, फिर लाश छोड़कर भागा, मुंह से निकल रहा था झाग

# कारोबारी संग होटल में रुकी ब्यूटिशियन की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

तिलक नगर स्थित एलएक्स होटल के कमरे में 32 वर्षीय ब्यूटिशियन सोनिला शर्मा की मौत हो गई। डेडबॉडी बिस्तर पर पड़ी थी और मुंह से झाग निकल रहा था। वह पाइप कारोबारी दीपक खंडेलवाल के साथ होटल में रुकी थी। जहर खाने से मौत की आशंका है।

तिलक नगर पुलिस के मुताबिक, सुंदर नगर निवासी सोनिला बुधवार दोपहर 2 बजे दीपक खंडेलवाल के साथ होटल पहुंची थी। दोनों ने कमरा किराए पर लिया था। कुछ घंटे बाद दीपक कमरे से निकलकर होटल स्टाफ के पास पहुंचा। कारोबारी ने होटल स्टाफ को बताया कि- मेरी दोस्त की तबीयत खराब है। उसे अस्पताल ले जाना है। इसके बाद दीपक महिला को अक्षत अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दीपक महिला को छोड़कर भाग निकला।

**पार्लर में काम करती थी सोनिला-** सोनिला के पिता ने पुलिस को बताया- वह पिंक सिटी पार्लर में काम करती थी। इसी पार्लर में उसकी दीपक खंडेलवाल से पहचान हुई थी। पिता के मुताबिक, दीपक पहले भी दो बार सोनाली के घर आ चुका था।




सोनिला शर्मा, मृतक

**पति करीब एक साल से अलग रह रहा था -** पुलिस के अनुसार, सोनिला अपने पति से अलग रहती थी, क्योंकि पति कुछ काम नहीं करता था। उसका पति भी करीब एक साल से अलग रह रहा है। वह ड्राइवर है और मूल रूप से ब्यावरा का रहने वाला है। सोनिला की दो बेटियां हैं, जो एक 8 और दूसरी 14 साल की है।

#### पार्लर जाने की बात कहकर निकली थी

पिता के मुताबिक, बुधवार को सोनिला पार्लर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह दीपक के साथ होटल पहुंची। शाम को दीपक के कमरे से निकलने के बाद होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोनिला जिस हालत में मिली थी, उसके मुंह से झाग निकल रहा था। फिलहाल जहर खाने से मौत की आशंका है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

#### पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त किए

तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया- होटल के सीसीटीवी फुटेज जब्त किए हैं। अभी मामले में शॉर्ट पीएम रिपोर्ट नहीं आई है। डॉक्टरों ने जहर की बात से इनकार किया है। उनके मुताबिक, विसरा जांच के लिए भेजा है, जिसकी रिपोर्ट सोमवार तक आने की संभावना है। सोनिला की मौत के मामले में दीपक की भूमिका संदेहास्पद है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

---

## इंदौर की यातायात व्यवस्था सुधारें

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर हाई कोर्ट ने फिर पुलिस और नगर निगम को जिम्मेदारी याद दिलाई है। न्यायालय ने कहा है कि पहले दिए गए निदेर्शों का केवल कागजों पर नहीं, बल्कि उनके वास्तविक उद्देश्य के अनुरूप पूरी तरह पालन किया जाए।

न्यायालय ने निगम और पुलिस अधिकारियों को मौजूदा यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए तत्काल उचित कदम उठाने और अगली सुनवाई से पहले अब तक की गई कार्रवाई का पालन प्रतिवेदन पेश करने को कहा है।सुनवाई में याचिकाकताओं की ओर से कहा गया कि पुलिस और इंदौर नगर निगम को न्यायालय के पूर्व निदेर्शों के मुताबिक जरूरी कार्रवाई करना है। इसके बाद न्यायालय ने अधिकारियों को पुराने निदेर्शों पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि न्यायालय के निदेर्शों के पालन से संबंधित पालन प्रतिवेदन दाखिल किया जा चुका है। हालांकि न्यायालय ने माना कि अभी और प्रयास किए जाने की जरूरत है, ताकि याचिकाकताओं की चिंताओं का समाधान हो और पहले जारी किए निदेर्शों का सही मायने में पालन हो सके।

## भाजपा कार्यकताओं की पोस्ट-चौबे को पार्टी से करें निष्कासित

**सागर।** बंडा जहरीली शराब कांड को लेकर सागर जिले की राजनीति में छिड़ा घमासान नया मोड़ ले चुका है। अब तक भाजपा और कांग्रेस नेताओं में जंग छिड़ी थी। अब भाजपा की आंतरिक गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है। इसकी शुरूआत मंत्री गोविंद सिंह राजपूत पर आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा की गई पोस्ट पर पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे द्वारा दिए गए जवाब से हुई। चौबे ने लिखा कि जहरीली शराब कांड का मुख्य आरोपी सिद्धार्थ कुशवाहा पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक के भतीजे पूर्व जनपद सदस्य पृथ्वी सिंह के साढ़ू का लड़का है। जिसमें भतीजे पृथ्वी का क्या रोल है यह सभी जानते हैं। उन्होंने बहेरिया में सिद्धार्थ की एक होटल व पंप का नाम लिखते हुए लिखा कि वहां क्या खेल होते हैं, सब जानते हैं।

सोशल मीडिया पर चौबे की पोस्ट पर लगे आरोपों के बाद पूर्व जनपद सदस्य पृथ्वी सिंह ने पलटवार करते हुए ओरोपों को झूठा बताते हुए उनका खंडन किया। सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उन्होंने प्रेसनोट भी जारी कर सभी दावों का सिरे से खंडन किया। सिंह ने कहा स्वर्गीय विक्रम सिंह कुशवाहा उनके साढ़ू भाई नहीं हैं और चौबे राजनीतिक स्वार्थ में यह झूठा दावा कर रहे हैं।

## छतरपुर में कार सवार 6 बदमाशों की गुंडागर्दी:युवक पर छिड़का मिर्ची स्प्रे

**छतरपुर।** छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम पुराना पन्ना नाका-सटई रोड पर युवक से सरेराह मारपीट का मामला सामने आया है। कार से आए करीब छह लोगों ने शिवम कुशवाहा के साथ मारपीट की और उस पर मिर्ची स्प्रे छिड़का। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। शिवम के मुताबिक, आरोपी चेहरे ढककर कार से आए और घर के बाहर सिम बेच रहे उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो आरोपी भागने लगे। परिवार ने पीछा कर एक आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि भागते समय आरोपियों ने फायरिंग की। हालांकि, पुलिस ने अभी फायरिंग की पुष्टि नहीं की है। शिवम ने दीपेंद्र बुंदेला, राज राजा समेत करीब छह लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है।

## धूमधाम से मना पोला, घाघरला में तोरण प्रतियोगिता

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में बुधवार को पोला पर्व उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। गांवों से लेकर शहर तक दिनभर उत्सव का माहौल रहा। शाम को रास्तीपुरा में परंपरागत आयोजन हुआ, वहीं घाघरला गांव में तोरण तोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें ग्रामीणों और युवाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। रास्तीपुरा में पोला पर्व पर श्रद्धालु हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। इसके बाद नारियल फोड़ने की परंपरा शुरू हुई। कार्यक्रम की शुरूआत महेश सुनील महाजन ने नारियल फोड़कर की। समिति के सदस्यों ने विधि-विधान से पर्व मनाया। समिति के सुधाकर महाजन, सुजीत पटेल, चिंतामन महाजन, धनराज महाजन और कृष्णा महाजन ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी पोला पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

## विदिशा में अवैध शराब पर कार्रवाई, 224 क्वार्टर जब्त

**सागर।** सागर में जहरीली शराब से मौतों के बाद विदिशा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। जिले में कच्ची शराब बनाने, अवैध शराब के भंडारण और बिक्री के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इसी कड़ी में कुरवाई और करारिया चौराहा थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई की। कुरवाई के बरूअल गांव में पुलिस ने 224 क्वार्टर देशी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं, करारिया चौराहा पुलिस ने ग्राम दुलई में कच्ची शराब बनाने के लिए रखा करीब 205 लीटर महुआ लाहन मौके पर नष्ट कराया। कुरवाई पुलिस को 9 सितंबर को सूचना मिली थी कि ग्राम बरूअल की नई बस्ती में एक व्यक्ति ने अपने मकान में अवैध शराब छिपाकर रखी है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर विनोद आदिवासी (31) को पकड़ा।

## जनशिक्षकों और बीआरसीसी-बीएसी को दो माह से वेतन नहीं

**भोपाल।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ जनशिक्षकों, बीआरसीसी और बीएसी कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। करीब 1500 से 2000 कर्मचारियों के वेतन लंबित होने की बात सामने आई है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के परिवारों के सामने दैनिक खर्च, बच्चों की पढ़ाई और चिकित्सा जैसी जरूरतों को लेकर आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है। इन कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी के बीच प्रभारी के तौर पर काम कर रहे कर्मचारियों को उनके मूल विद्यालय से वेतन मिल रहा है। इसे लेकर शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश ने राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक को पत्र भेजकर लंबित वेतन का जल्द भुगतान कराने की मांग की है। संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने कहा कि जनशिक्षक, बीआरसीसी और बीएसी कर्मचारी विभागीय दायित्वों का नियमित रूप से निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद लगातार दो माह से वेतन नहीं मिलना चिंताजनक है।

### मध्यप्रदेश के जबलपुर, रीवा-शहडोल संभाग में अलर्ट; कल से इंदौर संभाग में भी बारिश

# ब्रेक के बाद फिर एक्टिव हुआ मानसून, 12 जिले भीगेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



तीन दिन के ब्रेक के बाद मध्य प्रदेश में मानसूनी सिस्टम फिर एक्टिव हुआ है। क्टऊ (मौसम केंद्र) भोपाल के मुताबिक, शुक्रवार को प्रदेश के 12 जिले- सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, मैहर, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा में भारी बारिश का अलर्ट है। 12 सितंबर से इंदौर, नर्मदापुरम और उज्जैन संभाग में भी बारिश का अनुमान है।

शुक्रवार को बाकी जिलों में कहीं धूप खिलेगी तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इनमें भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, सिंगरौली, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी शामिल हैं।

प्रदेश में पिछले 3 दिन से भारी बारिश नहीं हुई है। इस वजह से गर्मी और उमस का असर बढ़ गया है। गुरुवार को भोपाल में तीखी धूप रही। इस वजह से लोग बचाव करते हुए नजर आए। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी धूप खिली। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र), मानसून ट्रफ एक्टिव है। वहीं, पश्चिमी हिस्से में साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) की सक्रियता भी है। इसके चलते बारिश का दौर चलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अब तक हुई बारिश की बात करें तो इस सीजन 795.3 मिमी यानी, 31.3 इंच बारिश हो चुकी है। यह अब तक की सामान्य बारिश 33.9 इंच (862.5 मिमी) की तुलना में 2.6 इंच कम है।

# कालिदास अकादमी में गूंजे घुंघरू, 15 संस्थाओं की नृत्यांगनाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

### संस्कार भारती के श्रीकृष्ण नृत्य दर्शन 2026 में अतिथियों ने कला साधकों का किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




संस्कार भारती मालवा प्रांत द्वारा कालिदास संस्कृत अकादमी के पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल में 'श्री कृष्ण नृत्य दर्शन 2026' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर की 15 प्रमुख नृत्य संस्थाओं के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के विविध स्वरूपों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने संस्कार भारती द्वारा भारतीय संस्कृति के संरक्षण के प्रयासों की सराहना करते हुए सिंहस्थ की सांस्कृतिक परंपराओं पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय सह कोष प्रमुख श्रीपाद जोशी, आकाशवाणी उज्जैन की निदेशक डॉ. अनामिका चक्रवर्ती, मालवा प्रांत संगठन मंत्री राहुल भौमिक, प्रांत उपाध्यक्ष सतीश दवे, प्रांत मंत्री संतोष व्यास और समाजसेवी पूजा तल्लेरा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने श्रीकृष्ण की कला और नृत्य परंपरा के विभिन्न आयामों पर विचार साझा किए।

संस्था के मीडिया प्रमुख जयंत तेलंग ने बताया कि शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान श्रीकृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। पं. कुलदीप दुबे ने ध्येय गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद आयोजन समिति के शिरीष सत्यप्रेमी, अंकित जोशी, गोपाल महाकाल, माधव तिवारी, जयंत तेलंग और विजेंद्र वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### इन संस्थाओं ने दी प्रस्तुतियां

नृत्य प्रस्तुतियों में डॉ. पूनम व्यास के निर्देशन में मृदंगाचार्य पं. रामदास कला संगम, डॉ. पल्लवी किशन की प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था, डॉ. हरिहरेश्वर पोद्दार के श्री सर्वोत्तम नृत्य संस्थान, ऋतु शुक्ला की नृत्य सिद्धा अकादमी, पलक पटवर्धन के वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान, डॉ. अंजना चौहान की आरंभ कथक नृत्य पाठशाला, प्रज्ञा गढ़वाल के लोकायन कला केन्द्र, मयूरी सक्सेना के त्रिनेत्रा सांस्कृतिक संस्थान, डॉ. खुशबू पांचाल के नृत्याराधना नृत्य मंदिर, हिना वासेन के नृत्यांतर संगीत कला संस्थान, कीर्ति की भव्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था, माधुरी कोडपे के तपस्या संस्कृति संस्थान, वीणा व्यास की कला योगिनी नृत्य संस्था, सुस्मिता पंवार की गुरुकुल डांस अकादमी तथा दिव्या जोशी चप्रे के शिवम नृत्यालय डांस स्टूडियो की नृत्यांगनाओं ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने सभी 15 नृत्य संस्थाओं के निर्देशकों को स्मृति चिह्न और प्रतिभागी कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती उज्जैन जिला महामंत्री माया बदेका ने की। संचालन पं. सुदर्शन आयाचित और संयोजन प्रतिभा रघुवंशी ने किया। संस्कार भारती उज्जैन के महामंत्री दुगार्शंकर सूर्यवंशी ने आभार माना और अर्चना माधव तिवारी द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम गान के साथ आयोजन का समापन हुआ।

### मिट्टी की प्रतिमा स्थापना का लिया संकल्प

# कार्यशाला: जेल में बंदियों और स्कूल में बच्चों ने उकेरा भगवान गणेश का स्वरूप

### लोकमान्य तिलक गणेशोत्सव महाआयोजन समिति का अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था के अनूठे संगम के तहत शहर में इस वर्ष केवल मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित करने का महाअभियान जोरों पर है। लोकमान्य तिलक गणेशोत्सव महाआयोजन समिति द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत उज्जैन जिला जेल में बंदियों और पानदरीबा स्कूल में बच्चों ने अपने हाथों से भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं बनाईं।

समिति के सह-संयोजक जगदीश पांचाल ने बताया कि संयोजक एवं विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के प्रयासों से यह महाअभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग और संस्थाओं को आगामी गणेश चतुर्थी पर सिर्फ मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए संकल्पित करना है। जिला जेल में आयोजित कार्यशाला में बंदियों ने उत्साहपूर्वक भगवान गणेश की प्रतिमाओं का निर्माण किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री साहू ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक चेतना के इस पर्व को बंदी भी पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। समिति द्वारा प्रतिवर्ष ऐसी कार्यशाला आयोजित करना एक स्वागत योग्य कदम है। वहीं, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि मिट्टी से निर्मित गणेश जी की स्थापना के इस महाअभियान से समाज का हर वर्ग जुड़ रहा है और हमारे सुधार गृह में भी स्थापित होने वाले गणेश जी पूरी तरह मिट्टी से ही निर्मित होंगे।



### स्कूली बच्चों ने भी प्रतिमाओं को दिया आकार

इसी कड़ी में पानदरीबा स्कूल में भी एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने हाथों से मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं को सुंदर आकार दिया। बच्चों को प्रशिक्षक श्रीमती भारती वर्मा द्वारा प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ऋषि वर्मा, सुभाष डोडिया, नवीन यादव, रितेश जटिया, शानू मेहता, गिरीश शास्त्री, अजय जोशी, अरविंद उपाध्याय, मंजू कसेरा, दिलीप गांगुली, भारती गुप्ता, उत्तम दुबे और पूर्णिमा भट्ट विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पदाधिकारियों ने दिया मार्गदर्शन

# भाजपा केशव नगर मंडल की कार्यसमिति संपन्न, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

### आगामी अभियानों के लिए कार्यकताओं ने लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी केशव नगर मंडल की कार्यसमिति की बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसेवा और आगामी अभियानों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, जहां कार्यकताओं ने पूरी सक्रियता के साथ काम करने का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने संगठन की कार्यपद्धति, आगामी गतिविधियों और कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर दिशा-निर्देश दिए। निगम सभापति कलावती यादव ने संगठन की मजबूती और जनसेवा में कार्यकताओं के समर्पण को महत्वपूर्ण बताया। इससे पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री ने संगठनात्मक कार्यों की आगामी रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ पितृ पुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत कमल पुष्प भेंट कर किया गया। बैठक में उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटव, यूडीए उपाध्यक्ष मुकेश यादव, नगर जिला




महामंत्री कमलेश बैरवा और मंडल प्रभारी उमेश सेंगर विशेष रूप से मंचासीन रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर जिला मंत्री प्रेमलता बैंडवाल, जितेंद्र कृपलानी, एल्डरमेन शैलेंद्र ह्यकालूह्न यादव, विकास प्राधिकरण सदस्य दुर्गा बिलोटिया, सुशीला जाटव, मंडल महामंत्री संतोष कोलवाल सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दीपक शर्मा ने किया। समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुआ, जिसके पश्चात मंडल महामंत्री कपिल टाक ने आभार माना।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित, चंद्र खुल्लर बने उज्जैन जिलाध्यक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय एकता, समता, बंधुत्व, कर्तव्य और सामाजिक सौहार्द्र के उद्देश्य से कार्यरत राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन (ए) ने मध्य प्रदेश की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नवगठित कार्यकारिणी में सुनील गौतम को प्रदेश अध्यक्ष और चंद्र भूषण खुल्लर को उज्जैन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

संगठन के कार्यों को गति देने के लिए प्रदेश स्तर पर महेश ज्ञानी को प्रदेश उपाध्यक्ष और फूल सिंह जोहरी को प्रदेश संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पटेल द्वारा चंद्र भूषण खुल्लर की नियुक्ति का आधिकारिक पत्र भी जारी कर दिया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी में संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अन्य कई सदस्यों को भी शामिल किया गया है। इनमें रमेश देशमुख, डॉ. जगदीश प्रसाद विजयवर्गीय, श्रीकृष्ण गुप्ता, योगेंद्र कुमार गर्ग, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, संतोष गनजीवाले, हेमराज पटेल, दुर्गेश विजयवर्गीय, अशोक विजयवर्गीय और रमेश रोहरा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नई टीम से संगठन को प्रदेश और जिला स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# एकजुट हुए प्रदेश के दुग्ध संघ पेंशनर्स, बनी आंदोलन की रणनीति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ग्राम करौंदिया स्थित अनंत रिसॉर्ट में यूडीएस पेंशनर एसोसिएशन का प्रांतीय समागम 'मिलाप-2026' आयोजित किया गया। इसमें उज्जैन, इंदौर, भोपाल, शाजापुर और आगर-मालवा सहित कई जिलों के दुग्ध संघों के पेंशनर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। समागम में मप्र को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन स्तर पर लंबित मांगों को मनवाने के लिए 'फामूर्ला ए, बी, सी' प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सदस्यों ने इसका समर्थन करते हुए अधिकारों के लिए एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लिया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष एसआर परमार ने स्वागत भाषण देते हुए फेडरेशन स्तर पर पेंशनरों का एक मजबूत संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रस्ताव रखा। मुख्य अतिथि डॉ. एके निगम ने कोर्ट में चल रहे विभिन्न पेंशन प्रकरणों की जानकारी देते हुए न्यायालय से शीघ्र राहत मिलने की उम्मीद जताई। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसडी जोशी ने सदस्यों से अधिकारों की लड़ाई और आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

एसडी जोशी ने ग्रेच्युटी की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने और समयमान वेतनमान की विसंगतियों को दूर करने के लिए न्यायालय की शरण में जाने की सलाह दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या का निराकरण कराने की बात कही और उन्हें सौंपे जाने वाले ज्ञापन का वाचन किया। विशेष अतिथि आरपीएस भाटिया ने पांचवें, छठे और सातवें वेतनमान की तर्ज पर शेष मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रयास करने का प्रस्ताव दिया। इसे कार्यक्रम संचालक और एसोसिएशन के संयोजक अनिल मंडलोई ने 'प्लान सी' बताते हुए सदस्यों से विचार करने को कहा।

### संगठनात्मक मजबूती और कानूनी लड़ाई पर जोर

कार्यक्रम में एससी दुबे और डॉ. मांगो ने न्यायालयीन प्रकरणों की तकनीकी जानकारी देते हुए वैधानिक रूप से केस दायर करने की सलाह दी। हरनाम सिंह और विजय मजूमदार ने संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए समय पर वार्षिक अंशदान जमा करने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन अनिल मंडलोई ने किया और आभार एसआर परमार ने माना। अंत में जगदीश कुशवाह के सौजन्य से मालवी सहभोज लड्डू-बाफले के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### मप्र में आज बैंक हड़ताल...असर 3 दिन:7 हजार ब्रॉन्च में लटकेंगे ताले

# 40 हजार बैंककर्मियों की 5-डे वीक वर्किंग की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में आज, शुक्रवार को बैंक हड़ताल है। 5 डे वीक वर्किंग यानी, पांच दिवसीय सप्ताह की मांग को लेकर प्रदेश के करीब 40 हजार बैंककर्मी काम नहीं करेंगे। इससे बैंकों में ताले लटक सकते हैं। भोपाल में बैंककर्मी जुटेंगे और प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल 1 दिन है, लेकिन इसका असर अगले 3 दिन देखने को मिलेगा, क्योंकि शनिवार-रविवार को सरकारी छुट्टी है।

यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियंस के बैनरतले यह प्रदेशव्यापी हड़ताल है। इसमें एमपी के बैंककर्मी भी शामिल रहेंगे। हड़ताल का असर सीधे तौर पर जनता पर पड़ेगा। वे बैंक से बड़ी रकम नहीं निकाल सकेंगे। चेक जमा करने और क्लियरेंस में भी देरी होगी। हड़ताल से पहले यूनियंस और सरकार के बीच वार्ता का दौर जारी है, लेकिन इसमें कोई सकारात्मक हल नहीं निकला। इसके चलते यूनियंस ने हड़ताल पूर्ववत रखी है। 26 से 30 सितंबर तक फिर बैंकों में ताले लगेंगे सितंबर के अगले 20 दिन के अंदर दूसरी बार हड़ताल 28 से 30 सितंबर तक रहेगी। इससे पहले 26



और 27 सितंबर को शनिवार-रविवार की छुट्टी है। यानी, लगातार पांच दिन तक बैंकों में ताले लग सकते हैं। पेंशन से भर्ती तक कई मांगें पेंडिंग यूनियंस के मुताबिक, पेंशन अपडेशन और पेंशनभोगियों के एक्स-ग्रेशिया की समीक्षा जैसे मुद्दे भी लंबित हैं। ठढर को डढर में बदलने और सभी पेंशनभोगियों के लिए समान ऊअ योजना लागू करने की मांग भी पूरी नहीं हुई है।

इसके अलावा पर्याप्त संख्या में क्लर्क, सब-स्टाफ और आर्म्ड गाड्र्स की भर्ती की मांग लंबित है।

### यूनियन बोली- 5-डे वीक की मांग पेंडिंग

यूनियंस के को-ऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने कहा- 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की जायज मांग को सरकार अनावश्यक रूप से लंबित कर रही है। ढछक का मुद्दा सुलह प्रक्रिया के सामने लंबित है। इसके बावजूद सरकार ने स्केल-क्श् और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए एकतरफा और भेदभावपूर्ण ढछकयोजना लागू करने के लिए बैंकों को बाध्य किया है। यूनियंस का आरोप है कि स्केल-4 और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए नई ढछक योजना बैंक कर्मचारियों के बीच विभाजन पैदा करने का प्रयास है। यूनियंस के मुताबिक, इसके जरिए अधिकारियों के एक छोटे वर्ग को अनुपातहीन रूप से अधिक प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही सरकार व्यक्तिगत प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन की नीति को आगे बढ़ा रही है।

### क्या है 5-डे बैंकिंग वीक की मांग?

अभी बैंकों में महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी रहती है। बैंक यूनियनों की मांग है कि हर शनिवार को छुट्टी घोषित कर बैंकों में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किया जाए। इसके बदले सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना कामकाज का समय 40 मिनट बढ़ाने का प्रस्ताव है। यानी शनिवार की छुट्टी के बदले सप्ताह के बाकी पांच कार्यदिवसों में कर्मचारियों का कामकाजी समय बढ़ाया जाएगा। बैंककर्मियों की 2 मुख्य मांगें यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने के साथ स्केल-क्श् और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए लागू ढछकयोजना वापस लेने की मांग की है। यूनियंस ने 27 अगस्त को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन और आगामी महीनों में बैंक हड़तालों के साथ अनिश्चितकालीन राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया था।

# आईआईसी 3.0 हैकाथॉन में सम्राट विक्रमादित्य विवि के विद्यार्थियों ने जीता एक लाख का पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में आयोजित 36 घंटे की अंतरराष्ट्रीय आईआईसी 3.0 हैकाथॉन प्रतियोगिता में उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय की टीम को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। विजेता टीम में विद्यार्थी अभिषेक दुबे, राज भार्गव और सात्विक सिंह बघेल शामिल थे।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन मणिपाल यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ आईओटी एंड इंटेलिजेंट सिस्टम्स, एआईसी-एमयूजे, ई-सेल और डीओआईसी-एमयूजे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इसमें देश भर से चुनिंदा तकनीकी टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत कीं।



आयोजन में अनस्टॉप, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मोंगो डीबी, इंटर्नशाला, इंटरव्यूबडी और आईसीएआर जैसी कंपनियां मुख्य प्रायोजक एवं साझीदार थीं। विजेता टीम ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कुलगुरु अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन और शिक्षकों के प्रोत्साहन को दिया है। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कुलसचिव अनिल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को शोध, तकनीक और नए विचारों के लिए हरसंभव मंच प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

## हूती विद्रोहियों ने यमन के मोखा शहर पर कब्जा किया

**यमन।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के रणनीतिक बंदरगाह शहर मोखा पर कब्जा कर लिया है। यह शहर बाब अल-मंदेब स्ट्रेट से करीब 75 किलोमीटर दूर है। यह दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार रास्ते में से एक है। मोखा पर पहले यमनी नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स का कंट्रोल था। यह हूतियों के खिलाफ लड़ने वाला सऊदी समर्थित गुट है। दोनों के बीच पिछले 9 दिनों से लड़ाई चल रही थी। मोखा पर कब्जे के बाद पिछले 4 साल में यह हूतियों की सबसे बड़ी क्षेत्रीय कामयाबी मानी जा रही है। अब हूती लड़ाके यमन के अहम शहर ताइज की ओर बढ़ रहे हैं। इस बीच सऊदी अरब ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को संदेश भेजकर हूतियों को सऊदी अरब पर हमले रोकने के लिए कहने को कहा है। हालांकि, एक ईरानी अधिकारी ने कहा है कि ईरान हूतियों को कंट्रोल नहीं करता। हूती पहले से ही यमन की राजधानी सना और लाल सागर के बड़े बंदरगाह होदेइदा पर नियंत्रण रखते हैं। अब मोखा पर कब्जे के बाद पश्चिमी तट पर भी उनकी स्थिति मजबूत हो गई है।

## पुतिन के आने से पहले रूसी सैन्य विमान भारत पहुंचे

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से पहले रूस के 3 सैन्य विमान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे हैं। इनमें रूस का भारी सैन्य परिवहन विमान भी शामिल है। इन विमानों से रूसी सैन्य अधिकारी भारत पहुंचे हैं। साथ ही, पुतिन के काफिले की गाड़ियां भी रूस से भारत लाई गई हैं। किसी बड़े विदेशी नेता के दौरे से पहले उसकी एडवांस टीम एयरपोर्ट, सुरक्षा व्यवस्था और वीवीआईपी मूवमेंट की तैयारियों का जायजा लेती है। इसी सिलसिले में रूसी टीम भी भारत पहुंची है। तीनों विमान मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे नोएडा एयरपोर्ट के रनवे पर उतरे थे। बुधवार को भी तीनों विमान एयरपोर्ट पर खड़े रहे। एयरपोर्ट की सुरक्षा टीम के साथ रूसी टीम भी विमानों और सुरक्षा इंतजामों की निगरानी कर रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर किसी विदेशी विमान की यह पहली लैंडिंग है। इससे पहले विदेशी सैन्य और श्श्क्ध विमानों के लिए दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता रहा है।

## कांगो के 2 स्कूलों में आग, 26 स्टूडेंट्स की मौत

**कांगो।** कांगो के शहर बुकावु में गुरुवार को दो स्कूलों में आग लगने से 26 छात्रों की मौत हो गई। इनमें 19 लड़कियां और 7 लड़के हैं। 29 छात्रों का इलाज चल रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आग पहले एक घर में लगी। इसके बाद यह फुराहा सेकेंडरी स्कूल और उजामा प्राइमरी स्कूल तक फैल गई। कई छात्र फुराहा सेकेंडरी स्कूल के अंदर फंस गए थे। इनमें से कुछ का दम घुट गया। यह इलाका रवांडा-समर्थित विद्रोहियों के कंट्रोल में है, जिन्होंने फरवरी 2025 में पूर्वी कांगो में हमला किया था। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्कूल से बाहर निकलने का रास्ता बहुत संकरा था। कुछ छात्रों ने खिड़कियों से छलांग लगानी शुरू कर दी। कुछ छात्र दरवाजे की ओर भागे। सभी के एक साथ बाहर निकलने की कोशिश में कई छात्र गिर गए और उनके ऊपर से लोग गुजर गए। आग लगने की वजह अभी पता नहीं चली है। जिस इलाके से आग शुरू हुई, वह घनी आबादी वाला है।

## चीन में लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज में आग, 25 की मौत

**बीजिंग।** चीन के किंगदाओ शहर में गुरुवार को मरम्मत के लिए खड़े लाइबेरिया के झंडे वाले मालवाहक जहाज में अचानक आग लग गई। हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई। पहले 20 की मौत की जानकारी सामने आई थी। 5 लोग लापता बताए जा रहे थे। जहाज पर कुल 42 लोग मौजूद थे इनमें से 12 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, आग सुबह करीब 11 बजे बेइहाई शिपयार्ड में लगी। उस समय जहाज पर मरम्मत का काम चल रहा था। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 2:30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## ट्रम्प बोले-मिडटर्म चुनाव जीता तो हर वोटर को 5 लाख

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि नवंबर के मिडटर्म चुनाव में अगर रिपब्लिकन पार्टी प्रतिनिधि सभा और सीनेट, दोनों में बहुमत बरकरार रखती है, तो हर बालिग अमेरिकी को 5000 डॉलर (करीब 4.76 लाख रुपए) दिए जाएंगे। ट्रम्प ने यह बयान डलास में रिपब्लिकन कन्वेंशन को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने इसे ट्रम्प डिविडेंड नाम दिया और कहा कि यह अमेरिका की आर्थिक ताकत और सफलता की वजह से दिया जाएगा। ट्रम्प ने ये भी कहा कि डिविडेंड की रकम अमेरिका में ही खर्च करनी होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके

# यूपी के 26 जिलों में बाढ़, उन्नाव में सड़कों पर नाव चल रहीं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में लगातार हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे 4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। पूरे प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 48 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। उन्नाव की सड़कों पर नाव चल रही हैं।

बिहार में 8 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। 14 जिलों में बाढ़ की स्थिति है। करीब 44 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। 27,954 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

मध्य प्रदेश में तीन दिन के ब्रेक के बाद मानसूनी सिस्टम फिर एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को राज्य के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। गुरुवार रात भोपाल और विदिशा में बारिश हुई। उत्तराखंड के सभी जिलों में गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम



विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। प्रदेश में बीते एक सप्ताह में सामान्य से 56% कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार- 3 से 10 सितंबर के बीच सामान्य तौर पर 40 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार केवल 17.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। हरियाणा में मानसूनी गतिविधियों में आई कमी के बीच गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। राज्य के औसत अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो सामान्य से करीब 3.2 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी में बने नए सिस्टम के प्रभाव से झारखंड में 11 सितंबर को कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन, वज्रपात और 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना है।

### मणिपुरी संगीतकार की पोस्टमार्टम रिपोर्ट- 15 पसलियां टूटी मिलीं

# सीने-पेट पर भारी हथियार से लगी गहरी चोटें

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

मणिपुरी संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया है कि उनकी मौत बहुत ज्यादा खून बहने से हुई थी। एम्स दिल्ली की ऑटोप्सी रिपोर्ट में इसकी वजह सीने और पेट पर गंभीर चोट बताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिंह के सीने और पेट की करीब 15 पसलियां टूट गई थीं। उनके शरीर पर सिर, चेहरे, हाथ, छाती, पेट, पीठ और पैरों पर भी चोटें मिलीं। 54 साल के विक्रम सिंह की नई दिल्ली में हमले के बाद इलाज के दौरान मौत हुई। पुलिस ने मामले में नाबालिग समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, 7 सितंबर को सिंह ने दक्षिण दिल्ली के आश्रम इलाके में घर के बाहर शोर कर रहे लोगों को रोकने गए थे, इसके बाद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। एफआईआर के मुताबिक, 7 सितंबर को आरोपी इमारत में घुसे। उन्होंने सिंह का तीन मंजिल तक पीछा किया और लात-घूंसों से हमला किया। सिंह की पत्नी ने बाद में आरोपियों की पहचान उन लोगों के रूप में की, जिन्होंने पहले भी उनके पति को धमकी दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी हासिल की है। इसमें आरोपियों को इमारत से बाहर जाते हुए दिखाया गया है। हमले के बाद सिंह को होली फैमिली अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले ने नॉर्थईस्ट समुदाय के लोगों में दिल्ली में रहने वालों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। घटना को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। पुलिस मामले की परिस्थितियों और हमले के मकसद की जांच कर रही है।



### मौत का कारण

पसलियां टूटने से मौत हो सकती है, लेकिन आमतौर पर मौत सिर्फ पसली टूटने से नहीं होती। खतरा तब होता है जब टूटी हुई पसलियां फेफड़े, हृदय या अंदर के किसी अंग को नुकसान पहुंचाएं या बहुत ज्यादा अंदरूनी रक्तस्राव हो। विक्रम सिंह की पोस्टमार्टम में जो बात सामने आई है, उसमें यही सबसे बड़ा फर्क है उनकी कई पसलियां टूटी थीं। टूटने के आसपास खून जमा होने के निशान मिले। छाती और पेट पर गंभीर चोटें थीं। इन चोटों के कारण बहुत ज्यादा अंदरूनी रक्तस्राव हुआ। यही भारी रक्तस्राव उनकी मौत का कारण बना। इसे ऐसे समझिए, पसली को आप शरीर की सुरक्षा करने वाली हड्?डी है। यह फेफड़े और दूसरे अंगों को बचाती है। अगर जोरदार चोट से कई पसलियां टूट जाएं, तो उनके टूटे हुए हिस्से अंदर के अंगों और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### राहुल गांधी बोले- पहचान के आधार पर हमला भी त्रासदी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मणिपुर के दिवंगत संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, ह्यविक्रम को सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वे मणिपुर से आते थे। एक युवा की हत्या अपने आप में बड़ी त्रासदी है। इसके साथ ही किसी व्यक्ति पर उसकी पहचान और वह किस जगह से आया है, इस आधार पर हमला होना भी चिंता की बात है। दिल्ली 6 सितंबर को 54 साल के मणिपुर मूल के संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। राहुल गांधी ने कहा कि विक्रम की हत्या हुई या नहीं हुई, इस घटना में हिंसा जरूर थी। इसमें हिंसा, नफरत और अहंकार दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आजकल एक सोच जैसी बनती जा रही है कि अगर कोई व्यक्ति ताकतवर है तो वह हिंसा कर सकता है। राहुल ने इस रवैये को गलत बताते हुए कहा कि ताकत के आधार पर किसी के साथ हिंसा करना स्वीकार नहीं किया जा सकता। विक्रम की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को 8 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक नाबालिग भी है। घटना 6 सितंबर 2026 की रात करीब 11:30 बजे की है। दक्षिण दिल्ली के आश्रम इलाके में रहने वाले विक्रम सिंह अपने घर के नीचे डिलीवरी बॉय और स्थानीय ढाबे के कर्मचारियों के तेज शोर और हंगामे पर आपत्ति जताने गए थे। रोप है कि डिलीवरी बॉय और ढाबा कर्मचारियों ने उन पर हमला किया था। आरोपियों ने बिल्डिंग में घुसकर सिंह का तीन मंजिलों तक पीछा किया, और लात-घूसों से उन पर हमला किया। चोटों के कारण सिंह की मौत हो गई।

## उमर अब्दुल्ला बोले- पार्टी ने वंदे मातरम कभी नहीं अपनाया, सरकारी कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल का पालन जरूरी



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी ने कभी वंदे मातरम को पार्टी के तौर पर नहीं अपनाया है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेगी। यह पार्टी की विचारधारा और राजनीतिक फैसले का विषय है। हालांकि, उमर ने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यक्रमों में लागू नियमों और प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ये नियम सिर्फ जम्मू-कश्मीर नहीं, बल्कि पूरे देश में सरकारी कार्यक्रमों पर लागू होते हैं।

दरअसल, सोमवार को श्रीनगर में सीएम उमर और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की मौजूदगी में राष्ट्रीय गीत का पूरा संस्करण हुआ था। इस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कार्यक्रम का वीडियो शेयर करते नेशनल कॉन्फ्रेंस से अपील की थी कि वह कांग्रेस के साथ खड़ी रहे और वंदे मातरम के 2 पैरा गाने के पक्ष में अपना रुख कायम रखे। उमर ने कहा कि वंदे मातरम के सभी छह पैरा को लेकर जो प्रावधान लागू है, उसका सरकार को पालन करना होगा। नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई भी हो सकती है।

### टॉयलेट में बम की धमकी मिली, 133 यात्री सवार थे

# इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग, लखनऊ से सऊदी जा रहा था

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ लखनऊ

लखनऊ से सऊदी अरब के दम्माम जा रही इंडिगो की फ्लाइट में गुरुवार को बम की धमकी मिली। इसके बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के दौरान क्रू मेंबर को विमान के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर मिला, जिस पर अंग्रेजी में बम लिखा था। फ्लाइट को करीब शाम 5:55 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। प्लेन में 133 यात्री सवार थे। लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालकर टर्मिनल-2 ले जाया गया। प्लेन को आइसोलेशन एरिया में ले जाकर सुरक्षा एजेंसियों ने केबिन, सीटों, कार्गो और पैसेंजर्स के सामान की जांच की। शुरूआती जांच में विमान से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। विमान ने लखनऊ से गुरुवार शाम 4:17 बजे उड़ान भरी और इसे शाम 5:43 बजे अहमदाबाद में सुरक्षित उतारा गया।

### 10 दिन पहले भी इसी रूट की फ्लाइट को धमकी मिली थी

31 अगस्त को भी सऊदी अरब के दम्माम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। उड़ान के दौरान क्रू मेंबर को विमान के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर मिला, जिस पर अंग्रेजी में बम लिखा था। सऊदी अरब के दम्माम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट




में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के दौरान क्रू मेंबर को विमान के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर मिला, जिस पर अंग्रेजी में बम लिखा था। फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया और करीब शाम 4:30 बजे सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में 32 यात्री सवार थे। लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालकर टर्मिनल-2 ले जाया गया। प्लेन को आइसोलेशन एरिया में ले जाकर सुरक्षा एजेंसियों ने केबिन, सीटों, कार्गो और पैसेंजर्स के सामान की जांच की।

### लद्दाख मुद्दे पर सोनम वांगचुक की चेतावनीःकहा-

# सरकार से आश्वासन नहीं मिला तो 19 से 24 सितंबर तक आंदोलन करेंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ लद्दाख

लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने लेह और कारगिल के नेताओं की बुधवार को दिल्ली में हुई बैठक पर निराशा जताई। वांगचुक ने कहा कि अगर लद्दाख के मुद्दे पर सरकार से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला तो 19 से 24 सितंबर तक फिर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा- हमें सरकार पर भरोसा है इसलिए हर बार सरकार के साथ बातचीत करने आते हैं। उम्मीद है कि ये भरोसा न टूटे।

वांगचुक ने कहा कि दिल्ली में बैठक बहुत अच्छे माहौल में हुई लेकिन उसमें कुछ निकला नहीं। चार महीने पहले जो फैसले हुए थे, उन्हें ही दोहराया गया। कोई नया प्रस्ताव नहीं आया और लद्दाख की मांगों पर भी सरकार ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। सरकार ने स्थानीय शासन और जमीन से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव न करने का आश्वासन भी नहीं दिया। इससे पहले उन्होंने पर लिखा- आज हमें मशहूर कॉमेडियन जसपाल भट्टी की मीटिंग्स की याद आ रही है। जैसा कि हमने अंदाजा लगाया था, 9 सितंबर को हुई यह मीटिंग लद्दाख का ध्यान 10 सितंबर से शुरू होने वाले बड़े लेह से कारगिल पदयात्रा मार्च से हटाने के लिए बस एक गुमराह करने वाली बात लग रही है। दुर्भाग्य से भरोसा कम हो रहा है और अविश्वास बढ़ रहा है। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर सोनम वांगचुक ने सितंबर 2025 में आंदोलन किया था। इस दौरान 24 सितंबर को लेह में हिंसा हो गई थी। इन प्रदर्शनों में 4 लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हुए थे।



**वांगचुक का लद्दाख में जन्म, श्रीनगर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की-** वांगचुक का जन्म 1966 में लेह जिले के अल्ची के पास, लद्दाख में हुआ था। उनके गांव में स्कूल न होने के कारण 9 साल की उम्र तक उनका किसी स्कूल में दाखिला नहीं हुआ। इस दौरान उनकी मां ने उन्हें बुनियादी शिक्षा दी। 9 साल की उम्र में उन्हें श्रीनगर ले जाया गया और वहां एक स्कूल में दाखिला दिलाया गया। बाद में दिल्ली के विशेष केंद्रीय स्कूल में भी उन्होंने पढ़ाई की। फिर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी NIT, श्रीनगर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में BTech किया।

### यह देश की जीडीपी से भी ज्यादा; बाढ़ से 16 लाख लोग प्रभावित, 1377 की मौत

# बाढ़ के बाद नेपाल में पुनर्निर्माण के लिए 4.52 लाख करोड़ रुपए लगेंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ काठमांडू/नई दिल्ली

नेपाल में 26 अगस्त को आई भयानक बाढ़ ने इतनी बड़ी तबाही मचाई है कि अब टूटे घर, सड़कें और पुल फिर से बनाने में 4.52 लाख करोड़ भारतीय रुपए खर्च होने का अनुमान है। यह रकम नेपाल की जीडीपी 4.32 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है।

बाढ़ से करीब 16 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 1377 लोगों की मौत हो चुकी है और 5130 लोग लापता हैं। कुल अनुमानित खर्च का करीब 75% यानी ?2.96 लाख करोड़ सड़क, पुल, बिजली और दूसरी जरूरी सुविधाएं फिर से बनाने में लगेगा। बाढ़ में 7,570 घर, 48 सरकारी इमारतें, 18 स्कूल और 7 स्वास्थ्य केंद्र भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। नेपाल के राहत और बचाव अभियान में भारत लगातार मदद कर रहा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 26 अगस्त से अब तक आठ विशेष उड़ानों के जरिए नेपाल को 130 टन से ज्यादा राहत सामग्री भेजी गई है। भारत ने 54 विशेषज्ञों को भी नेपाल भेजा है। इनमें सुरंग और मलबे में फंसे लोगों को निकालने वाली टीमें, मेडिकल विशेषज्ञ और फोरेंसिक कर्मी शामिल हैं।

भारत ने टेंट, कंबल, हाइजीन किट, सोलर लैंप



और दवाओं के साथ मलबा हटाने और सुरंगों में बचाव के लिए गैस डिटेक्टर, ब्रीदिंग उपकरण, मड रेस्क्यू सूट, जनरेटर, लाइटिंग टावर और पानी निकालने वाले पंप भी भेजे हैं पुनर्निर्माण की अनुमानित लागत में करीब 75% यानी ?2.96 लाख करोड़ बुनियादी ढांचे को दोबारा खड़ा करने में खर्च होंगे। बाढ़ में 7,570 निजी घर, 48 सार्वजनिक इमारतें, 18 स्कूल और 7 स्वास्थ्य संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इससे साफ है कि नेपाल के सामने चुनौती केवल लोगों को तत्काल राहत देने की नहीं है। उसे अगले कई वर्षों तक सड़क, पुल, बिजली, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और घरों को दोबारा बनाने के लिए भारी खर्च करना होगा।

### चीन का 12 दिन पहले अलर्ट करने का दावा गलतःईमेल में सिर्फ तेज बारिश की बात

26 अगस्त की सुबह नेपाल के रसुवा में आसमान साफ था। अचानक भोटेकोशी नदी में मलबा, पत्थर और पानी का ऐसा सैलाब आया कि सब बहता चला गया। 1300 से ज्यादा मौतें हुईं और 5 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। ये तबाही चीन की तरफ बनी झील फटने से हुई थी। सवाल उठा कि क्या चीन को इस तबाही की पहले से खबर थी और क्या उसने नेपाल को इस बारे में चेतावनी दी थी। चीन के विदेश विभाग के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने दावा किया कि चीन ने नेपाल को समय-समय पर मौसम का डेटा और चेतावनियां दी थीं। ब्रिटिश न्यूज एजेंसी रायटर्स की रिपोर्ट में भी दावा किया गया कि आपदा से करीब 12 दिन पहले चीन ने नेपाल को ईमेल भेजकर भारी बारिश की जानकारी दी थी। इससे लगता है कि नेपाल के पास खबर थी कि तबाही हो सकती है, लेकिन कहानी इतनी सीधी नहीं है अप्रैल से जुलाई के बीच चीन और नेपाल के पर्यावरण, मौसम और आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी और वैज्ञानिक कम से कम तीन अलग-अलग मंचों पर मिले। इस दौरान ग्लेशियर, ग्लेशियल झील, जलवायु से जुड़े जोखिम और अर्ली वॉर्निंग पर बात हुई।

■ वर्ष-12 अंक-308 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

अहङ्कारं बलं दर्पं कामं क्रोधं च संश्रिताः।
मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषन्तोऽभ्यसूयकाः।।

**भावार्थ** : वे मनुष्य जो अहंकार, हठ, अभिमान, कामना और क्रोध का आश्रय लेते हैं, मुझ अन्तरात्मा से ईर्ष्या करते हैं, जो दूसरों के शरीर में रहते हैं और मेरे गुणों में मुझे और दूसरों को दोष देते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 11 सितम्बर, 2026

मानं हित्वा प्रियो भवति। क्रोधं हित्वा न सोचति।।
कामं हित्वा अर्थवान् भवति। लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।

**भावार्थ** : अहंकार का त्याग करने से मनुष्य प्रिय हो जाता है, क्रोध एक ऐसी चीज है जो किसी का हित नहीं सोचता। काम का त्याग करने से व्यक्ति धनवान बनता है और लोभ का त्याग करने से सुखी होता है।

## सम्पादकीयम्

### यथार्थसुधारस्य

यथार्थसुधारस्य अन्वेषणम्: छात्राणां विश्वासं पुनः प्राप्तुं सर्वकारः चालयति कागदपत्रस्य लीकविरुद्धं विरोधान्दोलनानां मध्ये पीएम मोदी आश्वासनं दत्तवान् यत् सर्वकारः कठोरपरिहारं करिष्यति इति। तदनन्तरं केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलेन कागदस्य लीकविरोधीविधेयकस्य संशोधनस्य अनुमोदनं कृतम्, येन अस्य विषयस्य गम्भीरता बोधिता। द्रुतनिर्णयान् कृत्वा छात्राणां स्वरः श्रुतः इति आश्वासनं दातुं सर्वकारः प्रयतते। गुरुवासरे रात्रौ प्रदत्तसन्देशे पीएम नरेन्द्रमोदी आश्वासनं दत्तवान् यत् तस्य सर्वकारः कागदपत्रस्य लीकस्य विरुद्धं कठोरकार्यवाही करिष्यति। केवलं घण्टाभिः अनन्तरं केन्द्रीयमन्त्रिमण्डलेन कागदस्य लीकविरोधीविधेयकस्य संशोधनस्य अनुमोदनं कृत्वा विषयस्य गम्भीरता प्रकाशिता। द्रुतनिर्णयस्य माध्यमेन छात्रान् प्रत्यययितुं सर्वकारः प्रयतते यत् तेषां चिन्ता अप्रमादः न अभवत्। एनटीए इत्यस्मिन् सुधाराः। कागजस्य लीक-प्रकरणेन अन्तिमेषु वर्षेषु यत् परिमाणं गृहीतं तत् दृष्ट्वा दोषिणां विरुद्धं कठोरतमं कार्यवाही अत्यावश्यकी अस्ति। परन्तु अवश्यं ज्ञातव्यं यत् देशे प्रायः नियमानाम् अभावात् अधिकं नियमानाम् प्रवर्तने एव आव्हानं भवति। एनटीए-सङ्घस्य दोषाः सीमितक्षमता च बहुवारं उजागरिता अस्ति; एतस्य संशोधनार्थं तत्कालं पदानि अवश्यं ग्रहीतव्यानि। सर्वोच्चन्यायालयेन संस्थागतसुदृढीकरणस्य आवश्यकता अपि स्वीकृता अस्ति। तदर्थव्यवस्थाः वर्षाणां यावत् समस्यां जनयन्ति; अधुना स्थायी दृढं च व्यवस्था आवश्यकी अस्ति।

### झारखण्डस्य राजधानी रांचीयां सायं चत्रातः लोकजनशक्तिपक्षस्य

# विधायकस्य पासवानस्य कनिष्ठपुत्रस्य सौरभस्य कथितस्य अपहरणस्य, सुरक्षितरूपेण उद्धारयति

ब्रह्मास्त्र ›› रांची

झारखण्डस्य राजधानी रांचीयां सायं चत्रातः लोकजनशक्तिपक्षस्य (रामविलासस्य) विधायकस्य जनार्दन पासवानस्य कनिष्ठपुत्रस्य सौरभस्य कथितस्य अपहरणस्य सूचनानां अनन्तरं आतङ्कः उत्पन्नः। विधानसभापुलिसस्थानकस्य अधिकारक्षेत्रे स्थितस्य अमिटीविश्वविद्यालयस्य बहिः सायं ५ वादनस्य समीपे एषा घटना अभवत् इति कथ्यते। सूचनां प्राप्य रांचीपुलिसः कार्ये प्रवृत्तः, क्षेत्रस्य घेरणं कृत्वा अन्वेषणकार्यक्रमं प्रारब्धवान्। पुलिसस्य शीघ्रप्रतिक्रियायाः कारणात् सौरभः अगोर्राक्षेत्रात् सुरक्षितरूपेण बरामदः अभवत्। अधुना पुलिसाः घटनायाः विवरणं एकत्र कृत्वा अपहरणस्य प्रयासस्य पृष्ठतः किं प्रेरणाम्, तत्र सम्बद्धानां परिचयं च निर्धारयितुं प्रयतन्ते।

उपलब्धसूचनानुसारं सौरभः रांचीनगरस्य अमिटीविश्वविद्यालये छात्रः अस्ति। सोमवासरे सायं विश्वविद्यालयस्य बहिः तस्य उपरि आक्रमणं कृत्वा तदनन्तरं बलात् वाहनस्य आरुह्य नीतः इति कथ्यते। विधायकेन एतस्य घटनां ज्ञात्वा पुलिसं सूचितम्; तस्य पुत्रः आहतः, बलात् यानेन हृतः इति उक्तवान्।

अमिटी विश्वविद्यालयस्य बहिः घटना सोमवासरे सायं ५ वादनस्य समीपे एषा घटना अभवत् इति कथ्यते। प्रारम्भिकसूचनानुसारं यदा व्यक्तिसमूहः आगतः तदा सौरभः अमिटीविश्वविद्यालयस्य बहिः उपस्थितः आसीत्। सः 'थर'-वाहनात् बहिः आकृष्य आक्रमितः, ततः अन्येन वाहनेन बलात् अपहृतः इति आरोपः अस्ति।

कथिते अपहरणे 'थार', 'वृश्चिक' च प्रयुक्तम् इति समाचाराः सूचयन्ति। घटनायाः प्रकाशं प्राप्तस्य तत्क्षणमेव पुलिसैः






तात्कालिकतापूर्वकं गम्भीरतापूर्वकं च व्यवहारः कृतः। प्रकरणे विधायकपुत्रः सम्मिलितः इति दृष्ट्वा पुलिस-अधिकारिणः शीघ्रं कार्यवाहीम् आरब्धवन्तः।

परन्तु अस्य घटनायाः पृष्ठतः वास्तविकं प्रेरणा अस्पष्टम् एव अस्ति। पुलिस विभिन्नकोणानां अन्वेषणं कृत्वा घटनायां सम्बद्धानां व्यक्तिनां भूमिकां निर्धारयितुं प्रयतते। रांची पुलिस स्विंग् इन एक्शन सौरभस्य कथितस्य अपहरणस्य विषये सूचनां प्राप्य रांचीपुलिसः तत्क्षणमेव कार्यवाहीम् आरब्धवान्। ते घटनास्थलस्य समीपे सम्भाव्यपलायनमार्गाणां क्रियाकलापानाञ्च निरीक्षणं आरब्धवन्तः, तत्सह क्षेत्रे अन्वेषणकार्यक्रमं प्रारब्धवन्तः पुलिसस्य शीघ्रप्रतिक्रियायाः फलं प्राप्तम्; कतिपयेषु घण्टेषु एव सौरभः अगोर्राक्षेत्रात् सुरक्षितरूपेण पुनः प्राप्तः। तस्य स्वस्थतायाः कारणात् तस्य परिवारस्य, विधायकस्य समर्थकानां च निःश्वासः अभवत्।

अधुना सौरभस्य घटनास्थलात् अगोर्रानगरं प्रति कथं परिवहनं कृतम् इति अन्वेषणं कृत्वा कति व्यक्तिः अस्मिन् घटनायां सम्बद्धाः इति निर्धारयति। अन्वेषणस्य एकः महत्त्वपूर्णः पक्षः अस्ति यत् कथितानां वाहनानां विषये विवरणं संग्रहणं तेषां गतिं च अनुसरणं च भवति।

घटनाक्रमं प्रकाशयितुं सीसीटीवी-दृश्यम् अन्वेषणस्य भागरूपेण पुलिस एमिटी विश्वविद्यालयस्य परिसरेषु च सीसीटीवी-दृश्यानां परीक्षणं कुर्वती अस्ति। ते घटनासमये कः उपस्थितः आसीत् इति चिन्तयित्वा सौरभस्य किं जातम् इति सम्यक निश्चयं कर्तुं प्रयतन्ते।

सीसीटीवी-दृश्यानि घटनास्थले उपस्थितानां वाहनानां पहिचाने अपि सहायकाः भविष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति। एकस्य थारस्य, स्कॉर्पियो वाहनस्य च विषये सूचनानां अन्वेषणं पुलिसं कुर्वती अस्ति। तदतिरिक्तं सम्भाव्यमार्गेभ्यः-विश्वविद्यालयात् बहिः आगोर्राक्षेत्रपर्यन्तं-कॅमेरा-रेकर्डिङ्ग-इत्यपि परीक्षितुं शक्यते।

### भाजपा विधायक शर्मा

## इत्यस्य काजी शिविरे क्षेपणास्त्रं पातयतु

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाले हुजुरक्षेत्रस्य विधायकेन रामेश्वरशर्मा इत्यनेन कृते क्षेपणास्त्रप्रहारसम्बद्धं वक्तव्यं कृत्वा राजनीतिः उष्णतां प्राप्तवती अस्ति। रविवासरे रात्रौ भोपालस्य करोण्डे आयोजिते मटकी फोड (घटभङ्ग) प्रतियोगितायां मञ्चात वदन् विधायकशर्मा टिप्पणीं कृतवान् यत् यदि करोण्डस्य चौराहात् क्षेपणास्त्रं प्रक्षेप्यते तर्हि काजीशिबिरे अवतरितव्यम् इति। एतेन वक्तव्येन राजनैतिकविवादः उत्पन्नः अस्ति। सः अवदत्, करोण्ड्-चतुष्पथे स्थित्वा, क्षेपणास्त्रं लक्ष्यं कृत्वा, काजी-शिबिरे पातयन्तु इति। परन्तु क्षणान्तरे सः स्पष्टीकरोति यत् सः भोपालस्य काजीशिबिरस्य उल्लेखं न करोति, अपितु इस्लामाबादनगरस्य काजीशिबिरस्य उल्लेखं करोति। एतस्य वक्तव्यस्य अनन्तरं काङ्ग्रेसपक्षः सर्वकारात् प्रतिक्रियायाः आग्रहं कृतवान् अस्ति।

इस्लामाबादस्य मतकी भङ्गस्य आकांक्षा करोण्डस्य भगतसिंहचतुष्कोणे आयोजिते कार्यक्रमे रामेश्वरशर्मा हिन्दुएकता, राष्ट्रवाद, आतङ्कवादादिविषयेषु भाषितवान्। सः अवदत् यत् हिन्दू एकता केवलं मटकी फोड स्पर्धासु एव सीमितं न भवेत्; अपितु समाजः प्रत्येकस्मिन् स्तरे एकीकृत्य अग्रे गन्तव्यम्। पाकिस्तानस्य उल्लेखं कुर्वन् विधायकः अवदत् यत् भविष्ये लाहौर, ढाका, इस्लामाबाद इत्यत्र अपि मटकी फोड् प्रतियोगिताः भवितुं शक्नुवन्ति।

## केन्द्रीयभण्डारः, मोबाईलवैन् इत्यादीनां माध्यमानां माध्यमेन

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अस्य कृते रेलरेक, ३० तः अधिकाः ट्रकाः च उपयुज्यन्ते। 35 प्रतिकिलोग्रामस्य दरेन विक्रयणस्य सुविधा राष्ट्रियसहकारी उपभोक्तृसङ्घः, राष्ट्रियकृषिसहकारीविपणनसङ्घः, केन्द्रीयभण्डारः, मोबाईलवैन् इत्यादीनां माध्यमानां माध्यमेन क्रियते। अस्याः व्यवस्थायाः उद्देश्यं केवलं मूल्यानां न्यूनीकरणं न भवति...न केवलं तस्य विषये एव; उद्देश्यं तेषु प्रदेशेषु प्याजस्य आपूर्तिः अपि अस्ति यत्र दुर्बलस्थानीयआपूर्तिकारणात् खुदरामूल्यानि वर्धन्ते। कृषकाणां कृते अपि सर्वकारस्य हस्तक्षेपः महत्त्वपूर्णः अस्ति प्याजमूल्यानां विषये चर्चाः प्रायः उपभोक्तुः दृष्टिकोणं प्रकाशयन्ति।

## राशिफल

**मेष** : प्रेम जीवन में चल रही दिक्कतें सॉल्व हो जाएंगी। आज का आपका दिन इनोवेटिव विचारों पर फोकस करने वाला दिन है।

**वृषभ** : किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से मनचाहा रिटर्न नहीं मिलेगा। अपनी बॉडी को फिट रखने के लिए योग ट्राई करें।

**मिथुन** : काम को समय पर पूरा करने पर फोकस रखें। सेहत के मामले में भाग्य साथ देगा। आर्थिक रूप से स्थिति सामान्य रहेगी।

**कर्क** : आज का आपका दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है। फिट रहने पर फोकस रखें। कोई गुड न्यूज मिल सकती है।

**सिंह** : इन्वेस्टमेंट को लेकर स्ट्रेटजी बनाने पर ध्यान दें। आज का आपका दिन काफी बेहतरीन साबित हो सकता है।

**कन्या** : धन का आगमन होगा लेकिन खर्च बढ़ने की संभावना भी ज्यादा है। लाइफस्टाइल में बदलाव होने के संकेत हैं।

**तुला** : सेहत के मामले में लापरवाही न बरतें। आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है।

**वृश्चिक** : नई शुरूआत को खुली बांहों से अपनाएं। डाइट को हेल्दी रखें। लव के मामले में दिन अच्छा नहीं रहेगा।

**धनु** : पॉजिटिव सोच बनाकर रखें। अपने काम पर फोकस करें। गॉसिप से दूर रहें। जरूरत पड़ने पर फैमिली या पार्टनर से सलह लें।

**मकर** : बहुत ज्यादा प्रेशर न लें। वर्क लाइफ बैलेंस मेंटेन करके आगे बढ़ें। समय-समय पर ब्रेक जरूर लेते रहें।

**कुंभ** : व्यापार, सेहत, पैसों का मामला या हो लव लाइफ बड़े चेंज के लिए तैयार हो जाएं। तनाव दूर करने के लिए मेडिटेशन करें।

**मीन** : प्रोग्रेस करने के लिए बैलेंस की आवश्यकता होती है। पॉजिटिव सोच बनाए रखें। स्ट्रेस से दूर रहें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 2027 तक इन राशि वालों पर रहेगी शनि की नजर, छोटी सी लापरवाही भी पड़ सकती है भारी

शनि देव के अगले गोचर तक कुछ राशि वालों के लिए समय कठिनाइयों वाला हो सकता है। माना जा रहा है कि, इस अवधि में इन जातकों पर शनिदेव की विशेष नजर भी बनी रहेगी। आइए इनके बारे में विस्तार से जानते हैं।

वर्तमान समय में शनि देव मीन राशि में विराजमान हैं और उनके गोचर का प्रभाव कुछ राशियों पर विशेष रूप से देखने को मिल रहा है। साढ़ेसाती और ढैय्या से प्रभावित जातकों के लिए यह समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान उन्हें सेहत, व्यापार, करियर और पारिवारिक जीवन से जुड़ी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इतना ही नहीं, इस अवधि में की



गई छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी समस्या का कारण बन सकती है। माना जा रहा है कि, शनि के अगले गोचर तक इन जातकों के लिए समय और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। बता दें कि, शनि देव 3 जून 2027 को मेष राशि में प्रवेश करेंगे। तब तक मुख्य रूप से इन 3 राशि वालों को सावधानी रखनी होगी। आइए इनके नाम और उनके जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को जानते हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए यह समय कुछ परेशानियां लेकर आ सकता है। यदि आप नौकरीपेशा हैं, तो कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का दबाव बढ़ सकता है। नई नौकरी के लिए अभी और धैर्य रखना होगा। कार्यक्षेत्र में किसी तरह के विवाद में पड़ने से बचें और अपनी जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। अनावश्यक आर्थिक जोखिमों से बचना आवश्यक होगा। इस समय बोलने से पहले थोड़ा रुककर सोचना जरूरी होगा। सफलता पाने के लिए आपको अपनी मेहनत और प्रयासों को लगातार बनाए रखना होगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए यह समय कुछ नए कामों की शुरूआत के साथ अधिक मेहनत वाला रह सकता है। इस समय छोटी-सी लापरवाही भी आपके लिए भारी पड़ सकती है, इसलिए हर काम सोच-समझकर करना बेहतर रहेगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि चोट लगने की आशंका बन सकती है। निवेश के लिए धन उधार ले सकते हैं। इसके अलावा छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करने के लिए भी अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आपकी मेहनत भविष्य में सफलता की नई सीढ़ियां चढ़ने में मदद करेगी। किसी भी काम को जल्दबाजी में करने के बजाय पूरी योजना बनाकर आगे बढ़ना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए यह समय कुछ चुनौतियां लेकर आ सकता है। सेहत के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही न करें और अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखने का प्रयास करें। सभी क्षेत्रों में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता रहेगी। इस दौरान जोखिम वाले निवेश से बचें। बिना पूरी जानकारी के किसी भी आर्थिक फैसले को लेने से बचना चाहिए। नकारात्मक संगति से दूरी बनाए रखना आपके लिए बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में धैर्य बनाए रखें अन्यथा तनाव अधिक बढ़ेगा।

### जूनियर एशिया कप में सबसे बड़ी जीत, सेमीफाइनल में पहुंची डिफेंडिंग चैंपियन

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 19-0 से हराया, पूजा की हैट्रिक

ब्रह्मास्त्र ›› मोक्वी

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान पर 19 गोल मारकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। पाकिस्तानी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। यह महिला जूनियर हॉकी में भारत की सबसे बड़ी जीत है।

डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने गुरुवार को जूनियर एशिया कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पहले हाफ में 10 और दूसरे हाफ में 9 गोल किए। भारत की पूजा मलिक ने हैट्रिक लगाई। सानिका चंद्रकांत माने, मधु सिदार और सुप्रिया ने 2-2 गोल किए। रोशनी ऐंद ने भी 2 गोल किए।

**पहले हाफ में 10 गोल, पूजा मलिक की हैट्रिक-** भारत ने पहले ही क्वार्टर में 5 गोल कर दिए थे। पूजा साहू ने 7वें मिनट में खाता खोला, रोशनी ऐंद ने 9वें, तनुश्री दिनेश कडू ने 11वें, सुखवीर कौर ने 13वें और सानिका माने ने 13वें मिनट में गोल किया। दूसरे क्वार्टर में मधु सिदार, गीता यादव, सानिका माने, तनुजा टोप्पो और पूजा मलिक ने गोल किए। इससे हाफ टाइम तक भारत 10-0 से आगे था। पूर्णिमा यादव, मधु सिदार और सुप्रिया ने तीसरे क्वार्टर में गोल किए। आखिरी क्वार्टर में कृष्णा शर्मा, पूजा मलिक, सुप्रिया, बिनीमा



### भारत को 18 पेनल्टी कॉर्नर मिले

भारत ने पूरे मैच में 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। पाकिस्तान को पूरे मैच में न गोल मिला, न पेनल्टी कॉर्नर और न ही पेनल्टी स्ट्रोक।

### ग्रुप स्टेज में भी अजेय रहा भारत

भारत ने क्वार्टर फाइनल से पहले ग्रुप स्टेज में भी शानदार प्रदर्शन किया था। टीम ने जापान, मलेशिया और साउथ कोरिया को हराकर अपने ग्रुप में टॉप किया था। टूर्नामेंट में चीन के खिलाफ भारत का पिछला मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा था।
भारत अब सेमीफाइनल में साउथ कोरिया और मलेशिया के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से खेलेगा। सेमीफाइनल 12 सितंबर को होगा।

धन और रोशनी ऐंद ने गोल दागे। पूजा मलिक ने 49वें और 51वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। रोशनी ने 60वें मिनट में भारत का 19वां गोल किया।

# भारत से मैच के लिए ब्राजील फुटबॉल टीम का ऐलान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ब्राजील के स्टार खिलाड़ी विनीसियस जूनियर और राफिन्हा 3 अक्टूबर को कोलकाता में साल्ट लेक स्टेडियम में भारत के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। कोच कार्लो एंसेलोटी ने ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ फ्रेंडली मैचों के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इसमें विनीसियस, राफिन्हा, मार्क्विन्होस और ब्रूनो गुइमारेस जैसे बड़े नाम शामिल हैं। ब्राजील और भारत के बीच यह पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला होगा। मैच कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में शाम 7:30 बजे खेला जाएगा।

**एंसेलोटी ने युवाओं पर लगाया दांव, कासेमिरो-एलिसन बाहर-** 2026 वर्ल्ड कप में नॉर्वे से हारकर राउंड ऑफ 16 से बाहर होने के बाद एंसेलोटी ने ब्राजील की टीम में बदलाव शुरू कर दिया है। उन्होंने पेड्रो मोरिस्को, ओटावियो, माउरो जूनियर, ब्रेनो बिडोन और गेब्रियल बोन्टेम्पो जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका दिया है। इनमें कुछ खिलाड़ी 2028 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक के लिए भी पात्र हैं। वहीं नेमार ने 34 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है, जबकि कासेमिरो और गोलकीपर एलिसन को इस बार टीम में जगह नहीं मिली। दूसरी ओर विनीसियस जूनियर, राफिन्हा, कप्तान मार्क्विन्होस और ब्रूनो गुइमारेस जैसे प्रमुख खिलाड़ियों पर एंसेलोटी ने भरोसा कायम रखा है।

### 2027 वर्ल्डकप खेलने पर रोहित बोले-

# टूर्नामेंट जब आएगा तब देखेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

रोहित शर्मा ने 2027 वर्ल्ड कप खेलने पर कहा है कि टूर्नामेंट के करीब आने पर फैसला होगा। अक्टूबर 2027 में वर्ल्ड कप होना है। टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। रोहित टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ वनडे खेलते हैं। उन्होंने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में दर्शकों के सवाल का जवाब दिया। रोहित 27 सितंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में खेलते दिखेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत 3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेलेगा।

**आखिरी वनडे में शतक लगाया था-** रोहित ने 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। फिर 7 मई 2025 को टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास की घोषणा कर दी थी। रोहित ने इसी साल 19 जुलाई को इंग्लैंड दौरे पर अपना आखिरी वनडे मैच खेला। लॉर्ड्स में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने 110 गेंद पर 138 रन की पारी खेली थी। हालांकि भारत यह मुकाबला और सीरीज हार गया था।

**रोहित की कप्तानी में टी-20 वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी जीते-** रोहित की कप्तानी में भारत 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंचा। इसी टूर्नामेंट से रोहित और कोच राहुल द्रविड़ ने भारतीय टीम के खेलने का अंदाज बदला। हालांकि भारत को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार मिली। इसके बाद भारत ने रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी




जीती। इसके बाद बीसीसीआई ने 4 अक्टूबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले रोहित शर्मा को हटाकर शुभमन गिल को भारत का नया वनडे कप्तान बनाया।

### रोहित के वर्ल्ड कप में 1575 रन, 7 शतक

रोहित ने वनडे वर्ल्ड कप इतिहास में कुल 28 मैच खेले हैं। इन मुकाबलों में उन्होंने 61.34 की औसत और 105.49 की स्ट्राइक रेट से 1575 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में उन्होंने 7 शतक जड़े हैं। उन्होंने 2019 के वर्ल्ड कप में 5 शतकों के साथ 648 रन बनाए थे। रोहित की टीम में जगह को लेकर लगातार उठ रहे सवालों पर बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा था कि इन अटकलों की कोई जगह नहीं है। सैकिया ने कुछ दिन पहले बीसीसीआई मुख्यालय में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से कहा- वह सभी मैचों में शानदार खेल रहे हैं। इससे ज्यादा आप क्या चाहते हैं? उन्होंने कहा- पिछले मैच में उन्होंने 138 रन बनाए। फिर अटकलें क्यों हैं? मैं अटकलें लगाने वालों को कोई मसाला नहीं देना चाहता।

## खबर एक नजर...

### राजस्थान से 3 साल बाद पकड़ाया फिरौती मांगने वाला

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र के रत्नाखेड़ी में रहने वाले गोरधन लाल पिता गंगाराम जटिया के मोबाइल पर कॉल कर 25 लाख की फिरौती मांगने और नहीं देने पर बेटे को उठाकर ले जाने की धमकी देने का मामला पुलिस ने 15 जुलाई 2023 को दर्ज किया था। मोबाइल पर आये नम्बर से फिरौती मांगने वाले की पहचान चौकाराम पिता कालू मइड़ा, निवासी कड़छी, जिला बांसवाड़ा (राजस्थान) के रूप में कर ली गई थी, पुलिस की टीम ने गिरफ्तारी के लिये दबिश मारी थी वह फरार होना सामने आया था, लगातार 3 सालों से उसकी लोकेशन अलग-अलग जगह मिल रही थी, लेकिन गिरफ्तार में नहीं आ पा रहा था। 3 साल बाद बुधवार को पता चला कि वह गांव आया हुआ है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने एएसआई दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक दिनेश गुर्जर, प्रदीप जामोर, राजेश चंदेल, आरक्षक कृष्णा बैरागी, दीपक की टीम रवाना की। रात में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे नागदा लाया गया, गुरूवार को कोर्ट में पेश करने पर न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश होते ही उसे जेल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि शिकायत करने वाला गोरधनलाल जटिया की आरोपी से कोई पहचान नहीं थी, ना ही कोई विवाद था, बावजूद राजस्थान से आरोपी बार-बार धमका रहा था। इधर गिरफ्त में आये आरोपी का कहना था कि नम्बर मिलने पर उसने कॉल कर धमकाया था।

### पडोसी ने किया युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के भैरूनाला में गुरूवार शाम साहिल पिता अजय फतोद पर पड़ोस में रहने वाले पवन नामक युवक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हाथ में गहरा जख्म होने पर साहिल को पुलिस चरक अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद चार से पांच टांके लगाये। घायल साहिल ने बताया कि पवन नशे का आदी है। उसका विवाद भाई आदर्श से हो गया था, वह बीच-बचाव करने पहुंचा तो उस पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। जीवाजीगंज थाना पुलिस के अनुसार मामले में घायल के बयान दर्ज कर हमला करने वाले की तलाश की जा रही है। उसे जल्द हिरासत में ले लिया जायेगा।

### कार्तिक मेला ग्राउंड के पास पलटा ई-रिक्शा

**उज्जैन।** मोहननगर चौराहा पर रहने वाले 70 वर्षीय रामेश्वर पिता रामगोपाल सोमानी ई-रिक्शा चलता है। गुरूवार सुबह वह रामघाट क्षेत्र से सवारी लेकर कालभैरव मंदिर जा रहा था। कार्तिक मेला ग्राउंड के आगे अचानक संतुलन बिगडने से रिक्शा पलटी खा गया। घटनाक्रम में रामेश्वर घायल हो गया, सवारी को चोंट नहीं आई है। लोगों की मदद से चालक को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई।

### दिवार से गिरा 14 साल का बालक, हाथ टूटा

**उज्जैन।** विजयागंज मंडीके ग्राम सुतली में रहने वाला 14 वर्षीय नैतिक पिता देवकरण घर के पास दिवार पर चढ़कर जामफल तोड़ने का प्रयास कर रहा था। उसी दौरान करीब 10 फीट की ऊंचाई से नीचे आ गिरा। उसे परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद हाथ में फैक्चर होने पर भर्ती किया है।

### उज्जैन के 3 निरीक्षकों का प्रमोशन, बने डीएसपी

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग से गुरूवार शाम निरीक्षकों की प्रमोशन सूची जारी कर दी गई। उज्जैन के 3 निरीक्षक को डीएसपी बनाया है। पूरे प्रदेश से 150 निरीक्षकों के नाम सूची में शामिल है। डीएसपी स्तर पर प्रमोशन सूची में चिमनगंज थाने का प्रभार संभाल रहे विवेक कनोडिया, नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल और थाना प्रभारी रामसिंह भाबोर का नाम शामिल है। विवेक कनोडिया उज्जैन पुमनि कार्यालय में पदस्थ किये गये है। वहीं कमल निगवाल को महिला सुरक्षा मंदसौर में नवीन पदस्थापना मिली है। रामसिंह भाबोर पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजे गये है। कुछ दिन पहले ही भोपाल मुख्यालय से एसआई से टीआई प्रमोशन सूची जारी की गई थी। जिसमें उज्जैन के 7 एसआई के कंधों पर तीसरा स्टार लगाया गया है।

### शार्ट सर्किट से जलकर खाक हुआ कास्मेटिक गोदाम

**उज्जैन।** सेठीनगर में बुधवार-गुरूवार रात कास्मेटिक गोदाम में भीषण आग लग गई। दमकलकर्मियों द्वारा आग पर काबू पाया जाता उससे पहले करीब 1 करोड़ का नुकसान हो चुका था। माधवनगर थाना क्षेत्र के सेठीनगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास आनंद जैन द्वारा हिन्दुस्तान लिमिटेड प्रोडक्ट का गोदाम संचालित किया जाता है। उनके यहां से होलसेल में कास्मेटिक सामान पूरे जिले में सप्लाय होता है। रात 1 बजे के लगभग गोदाम में अचानक आग लग गई। रात का समय होने पर आग लगने की जानकारी देरी से सामने आई जिसके चलते आग ने विकराल रूप ले लिया था। मामले की जानकारी लगते ही आनंद जैन गोदाम पहुंचे और फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। 3 से 4 दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि आग संभवतः शार्ट सर्किट से लगा है। वहीं आनंद जैन का कहना था कि आगजनी में उन्हे करीब 1 करोड़ का नुकसान हुआ है। रात में आग पर काबू पाने के बाद सुबह फिर से आग सुलगने लगी थी, लेकिन उस पर कुछ देर में काबू पा लिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 579-1 | 113-5 |
| मेन बाजार | 447-5 | 266-4 |
| मिलन डे | 345-2 | 479-0 |
| मिलन नाइट | 346-3 | 237-2 |

4 9 0

## खड़े हनुमान जी की प्रतिमा को हटाने का विरोध पर सियासत गरमाई, गोपाल मंदिर से पैदल मार्च कर संत पहुंचे

# कांग्रेसी नेतओं ने रामधुन गाते पहुंचे विरोध जताया

## एसडीएम ने प्रशासन का पक्ष रखते हुए कहा विशेषज्ञों, संत समाज और श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ समाधान निकाला जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खड़े हनुमान जी की प्रतिमा को हटाने का विरोध बराबर जारी है। इस पर सियासत गरमाई गई है। गुरूवार को यहां महिला साध्वी हर्षानंद गिरि भी पहुंची और वर्तमान स्थल पर भव्य मंदिर की बात कही। बुधवार रात को यहां संत समुदाय एकत्रित हुआ और उसने अपना विरोध व्यक्त किया है। कांग्रेसी यहां रामधुन गाते हुए पहुंचे और भगवान को श्री फल भेंट कर सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया है। इधर प्रशासन की ओर से एसडीएम एलएन गर्ग ने बयान जारी कर कहा है कि विशेषज्ञों, संत समाज और श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ समाधान निकाला जाएगा।

**साध्वी हर्षानंद ने सरकार को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया-** गुरूवार पूर्वान्ह में साध्वी हर्षानंद गिरि (हर्षा रिछारिया) खड़े हनुमान मंदिर पहुंचीं। यहां उन्होंने बूरी नजर के दोष से मुक्ति के लिए पुजारी महेश बैरागी से झाडनी डलवाई, उन्होंने पूजा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने प्रतिमा हटाने के प्रयासों का विरोध किया। प्रशासन से मंदिर पहुंचकर माफी मांगने, पूजा करने और मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लेने को कहा। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने अनशन और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। उन्होंने सरकार को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि उन्हें इतनी हिम्मत मिले कि वे बाबा के लिए आवाज उठा सकें।



### गोपाल मंदिर से पैदल पहुंचे संत

बुधवार रात विश्व हिंदू परिषद के आवाहन पर संतों का दल गोपाल मंदिर से पैदल यात्रा निकालकर खड़े हनुमान मंदिर तक पहुंचा। संतों के साथ बड़ी संख्या में वीएचपी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सभी ने खड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए। अयोध्या पीठाधीश्वर नृत्य गोपाल दास महाराज के शिष्य महंत राघवेंद्र दास ने कहा कि हनुमान जी के चमत्कार की चर्चा सुनकर दर्शन करने आए और मंदिर को यथावत रखने की मांग की है। महंत विनीत गिरी ने कहा कि जन भावनाओं का सम्मान करते हुए संवाद से रास्ता निकलेगा। सत्यानंद गिरी महाराज ने भी कहा कि आस्था का सम्मान जरूरी है और संवाद से ही विवाद खत्म होना चाहिए।

### वैज्ञानिक परीक्षण जरूरी

एसडीएम एल एन गर्ग ने नगर निगम अपर आयुक्त पवन सिंह की उपस्थिति में अपना विडियो बयान जारी करते हुए कहा कि सिंहस्थ 2028 के विकास कार्य भी आवश्यक हैं और उज्जैन की धार्मिक आस्था भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेषज्ञों, संत समाज और श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ समाधान निकाला जाएगा। यह श्रद्धालुओं की गहरी आस्था से जुड़ा विषय है, साथ ही प्रतिमा की संरचनात्मक स्थिति का वैज्ञानिक परीक्षण भी आवश्यक है। हनुमान जी की प्रतिमा से जुड़ा विषय उज्जैन वासियों और श्रद्धालुओं की आस्था से संबंधित है।

### कांग्रेस रामधुन गाते हुए मंदिर पहुंची

- सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हटाने की प्रशासन की योजना के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रशासन की हठधर्मिता का विरोध करते हुए विधायक महेश परमार, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित सैकड़ों कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता राम धुन गाते हुए खड़े हनुमान मंदिर पहुंचे।
- सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हटाने की प्रशासन की योजना के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रशासन की हठधर्मिता का विरोध करते हुए कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता रामधुन गाते हुए खड़े हनुमान मंदिर पहुंचे।
- कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार ने कहा कि आज हम सब कांग्रेस परिवार के साथी मुकेश भाटी और तमाम हमारे विधायक दिनेश जैन बोस, दिलीप गुर्जर, हमारे प्रभारी चंदर सोंधिया और तमाम हमारे जिले और शहर के सभी सम्मानित पदाधिकारी हम सब लोग आए, हमने हनुमान जी महाराज के दर्शन किए, हनुमान चालीसा का पाठ किया है। हमारी तो एक ही मांग है कि जनता जनार्दन, जनमानस की धार्मिक भावना... वो ही नहीं चाहते कि यहाँ से भगवान हनुमान जी महाराज के खड़े हनुमान जी का मंदिर हटे। मेरी एक ही मांग है आदरणीय मुख्यमंत्री से, संभाग आयुक्त, मेला अधिकारी, कलेक्टर, एसपी, नगर निगम कमिश्नर से - जो हमारी धार्मिक परम्पराओं को, हमारी अति प्राचीन संस्कृति को संभालते हैं। उज्जैन की पहचान यही मंदिर हैं।
- जब-जब धार्मिक भावनाओं का अपमान हुआ है, जनमानस की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वहां अमंगल हुआ है, नाश हुआ है। तो कम से कम इन सब चीजों को बचाएं और लोगों की भावनाओं के अनुसार काम करें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा कि सबके तारणहार भगवान हनुमान जी महाराज का स्थान यहाँ से विस्थापित नहीं किया जाए।
- कांग्रेस विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि उज्जैन की जनता को और पूरे हिन्दू समाज को गुमराह क्यों कर रहे हैं? ये मूर्ति यही स्थापित रहे। हमारी और पूरे हिन्दू समाज की भावना ये है, पर ये गुमराह करने की साजिश क्यों रची जा रही है? कोई भी अनिश्चितता का माहौल क्यों बनाया जा रहा है? ये क्या उद्देश्य है इनका? जब आज लेटर जारी करा है जबकि एक महीने से चल रहा है कि भाई ये मूर्ति हटना है, नहीं हटना है, कंफ्यूजन की स्थिति है, तो मतलब ये क्या दंगा फसाद फैलाना चाहते हैं? स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं करते शासन-प्रशासन और सरकारें? जबकि जवाबदारी इनकी है। भगवान हनुमान जी की मूर्ति उठेगी तो हमको विरोध करने का हक है, राइट्स है। मैं विधायक हूँ, हमारे पूर्व विधायक हैं, चार बार के विधायक हैं। हम सब लोग तो ये कह रहे हैं गुमराह मत करो जनता को। स्पष्ट नीति बताओ।

## हरिद्वार के मेडिकल कारोबारी के साथ वारदात...

# पार्किंग में खड़ी कार का कांच फोड़ निकाला बेग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक यात्रा पर हरिद्वार से आये शर्मा परिवार के साथ वारदात हो गई। पार्किंग में खड़ी कार का बदमाशों ने कांच फोड़कर बेग निकाल लिया। जिसमें 70 हजार रुपए नगद, 6 एटीएम, चैकबुक के साथ जरूरी दस्तावेज रखे थे। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के मंगलनाथ मंदिर स्थित महामंगल पार्किंग का है। हरिद्वार के कृष्णानगर ब्लू पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले मेडिकल कारोबारी सोम पिता जेपी शर्मा पत्नी, 2 बच्चों और साले के साथ धार्मिक यात्रा पर 8 सितंबर को आये थे। सबसे पहले परिवार मंगलनाथ मदिर पहुंचा, जहां कार पार्किंग में कार खड़ी करने के बाद दर्शन करने चला गया। मंगलनाथ मंदिर दर्शन के बाद पूरा परिवार ई-रिक्शा से महाकाल मंदिर पहुंचा, जहां से रात 8.30 बजे मंगलनाथ पार्किंग में खड़ी कार लेने आया तो साइड का कांच फूटा देखा। कार में रखा बेग गायब था। मामले की शिकायत चिमनगंज थाना पुलिस से की गई। पुलिस ने पार्किंग स्थल पहुंचकर जांच की, लेकिन आसपास कहीं सीसीटीवी कैमरे लगे होना सामने नहीं आये। सोम शर्मा ने बताया कि बेग में 70 हजार रुपये नगद, आधार कार्ड , पेन कार्ड , वोटर आईडी कार्ड , ड्रायविंग लायसेंस, चिनमय फार्मा के नाम की चेक बुक, 6 एटीएम, पत्नी-बच्चों के साथ साले का आधार कार्ड रखा था। पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ  प्रकरण दर्ज कर लिया।

### चारधाम पार्किंग में हुई थी वारदात

1 सितंबर को महाकाल थाना क्षेत्र स्थित चारधाम मंदिर के पास पार्किंग में हरियाणा से आये श्रद्धालु पवन पिता वीरसिंह की स्कार्पियों को कांच फोड़कर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया जाना सामने आया था। वीरसिंह अपने 2 दोस्तों संदीप गोदरा और कुलदीप यादव के साथ महाकाल दर्शन करने आया था। मंदिर जाने से पहले वीरसिंह और उसके दोस्त संदीप ने अपनी सोने की चेन उतारकर स्कार्पियों में रख दी थी। 2 घंटे बाद वापस आने पर स्कार्पियों को लॉक खुला मिला था और लाखों रुपए कीमत की 2 चेन गायब थी। महाकाल पुलिस ने पार्किंग में कैमरों की तलाश की थी लेकिन कैमरे नहीं होने पर अब तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया है।

### पार्किंग में खड़े वाहन नहीं सुरक्षित

धार्मिक स्थलों के आसपास बने पार्किंग में वाहन खड़ा सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। देशभर से आने वाले श्रद्धालु पार्किंग शुल्क चुकाने के बाद दर्शन के लिये जाते है, वापस आने पर वारदात होना सामने आता है। पार्किंग वालों से कहने पर वह विवाद पर उतारू हो जाते है। पूर्व में भी कई वाहनों से सामान चोरी होना सामने आ चुका है, लेकिन पुलिस अब तक पार्किंग में खड़े वाहनों में वारदात करने वालों का पता नहीं लगा पाई है। सबसे अधिक वारदात महाकाल मंदिर के आसपास की पार्किंग में सामने आती है।

# रिमांड पर नकली कीटनाशक दवा के साथ पकड़ाये युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नकली कीटनाशक दवा के साथ ईको कार में सवार 3 युवकों को पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद पकड़ा है। मामले में कॉपी राइट एक्ट और धोखाधड़ी की धारा का प्रकरण दर्ज कर  प्रकरण दर्ज किया गया। गुरूवार को कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया है। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि राजस्थान के बुहाना झुनझुन निवासी आशीष जांगड़ा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उज्जैन में कुछ युवकों द्वारा उनकी कंपनी से जुड़े यूपीएल और बीएएसएफ प्रोजेक्ट की कॉपी कर नकली कीटनाशक दवा बेच रहे है। मामले में कापी राईट एक्ट की धारा 63, 65 और धोखाधड़ी की धारा 318 (4) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। नकली कीटनाशक दवा बेचने वालों का पता लगाकर शिकायत करने वालों के माध्यम से पकड़ने का जाल बुना गया और कीटनाशक दवा खरीदने के लिये संपर्क किया गया। राजेश पिता मन्नू मेहता निवासी क्षीरसागर से संपर्क होने पर उसने नानाखेड़ा बस स्टेंड पर डिलेवरी देने की बात कहीं। बुधवार देर शाम राजेश मेहता अपने 2 साथियों के साथ कार से कीटनाशक के 12 बॉक्स लेकर पहुंचा।

# तकनीकी साक्ष्य से खोज निकाले श्रद्धालुओं के मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पचौर से एक ही परिवार के सात सदस्य महाकाल दर्शन करने बुधवार को आये थे। दर्शन से पहले सभी ने एक बेग में मोबाइल रखे थे। मंदिर के बाहर से बेग गायब हो गया था। श्रद्धालुओं ने मामले की शिकायत महाकाल थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सभी के मोबाइल की डिटेल लेकर सायबर टीम से लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास शुरू किया गया। लोकेशन नानाखेड़ा थाना क्षेत्र की मिलने पर संबंधित थाना पुलिस की मदद से बेग की तलाश शुरू कराई गई। बस स्टेंड क्षेत्र से उक्त बेग एक बस में रखा मिल गया। संभवतः बेग चुराने वाला पुलिस की सर्चिंग देख बेग छोड़कर भाग निकला था। बेग में 7 मोबाइल मिलने पर गुरूवार को महाकाल पुलिस ने पचौर के परिवार को बुलाया और बेग सहित 7 मोबाइल सौंप दिये। कुछ घंटो में ही मोबाइल मिलने पर परिवार के सदस्यों ने पुलिस का आभार माना।

## रेलवे स्टेशन पर बदमाशों ने दिखाई हाथ की सफाई

# भीड़ में 2 महिलाओं के चोरी किये सोने के कंगन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन पर इन दिनों बदमाश भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के साथ चोरी को अंजाम दे रहे है। जीआरपी ने 2 महिलाओं की शिकायत पर ट्रेन में चढ़ते समय भीड़ के बाद हाथ से कंगन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। जीआरपी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

बताया जा रहा है कि उज्जैन से हैदराबाद जाने के लिये साधना मिश्रा रेलवे स्टेशन पहुंची थी। काचीगुडा एक्सप्रेस के बी-3 कोच में चढ़ते वक्त उनके हाथ से सोने का कंगन गायब हो गया। कोच की बर्थ नम्बर 51 में बैठते ही उन्हे हाथ में कंगन दिखाई नहीं दिया तो मामले की शिकायत जीआरपी थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया और जांच शुरू की। इसी बीच देवासरोड आजाद नगर उज्जैन में रहने वाला जवेरी परिवार भी जीआरपी थाने पहुंचा। अभिसार जवेरी ने पुलिस को बताया कि अपनी मां मंजुला जवेरी, बहन को इंदौर-खडकी स्पेशल ट्रेन में बैठाने के लिये प्लेटफार्म नम्बर 5 पर पहुंचा था। मां और बहन बडोदारा जा रहे थे। कोच बी-1 में दोनों को बैठाया और स्टेशन से बाहर आ गया, तभी बहन का कॉल आया कि मां के हाथ सोने का कंगन गायब हो गया है। जीआरपी ने उक्त मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वही जीआरपी की टीम आरपीएफ टीम के साथ मिलकर प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख भीड़ के बीच संदिग्धों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। महाकाल लोक बनने के बाद धार्मिक नगरी में प्रतिदिन ट्रेन यात्रा कर लाखों की संख्या में यात्री उज्जैन पहुंच रहे है। जिसके चलते स्टेशन के प्लेटफार्मो पर भीड़ का दबाव काफी अधिक दिखाई दे रहा है। इसी का फायदा बदमाशों द्वारा उठाया जा रहा है। बदमाश चलती ट्रेन में भी चोरियों को अंजमा दे रहे है।

## मिलावटखोरों पर प्रशासन का आर्थिक चाबुक चला, मावा-पनीर से लेकर पापड़-पानी तक अमानक

# 21 कारोबारियों पर 7.21 लाख का जुर्माना



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

त्योहारी सीजन से पहले मिलावटखोरों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी एवं सख्त कार्रवाई की है। प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा विभाग के 21 प्रकरणों में सुनवाई कर कुल 7 लाख 21 हजार रुपये का जुर्माना ठोका है। इन मामलों में मिथ्याछाप नमकीन-पानी , होटल-रेस्टोरेंट में खुला पनीर, पापड़ से लेकर धनिया पाउडर तक नकली, बिना लाइसेंस चल रही दुकानें जैसे मामले शामिल हैं।

एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर ने खाद्य सुरक्षा विभाग के 21 प्रकरणों में सुनवाई कर कुल 7 लाख 21 हजार रुपये का जुर्माना ठोका है। एडीएम गुर्जर ने साफ कहा - आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापामार कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

**मिथ्याछाप नमकीन-पानी पर शिकंजा-** फर्म पोरवाल जी नमकीन के संचालक नितेश भट्ट द्वारा मिथ्या छाप रतलामी नमकीन बेचने, सोनम इंडस्ट्रीज और बांसुरी वाला रेस्टोरेंट द्वारा मिथ्याछाप पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर का निर्माण और विक्रय करने पर कार्रवाई हुई। होटल-रेस्टोरेंट में खुला पनीर- विक्रमादित्य होटल के दिनेश राठौर द्वारा मानव उपयोग के लिए अयोग्य खुला पनीर का उपयोग और भंडारण करते पाए गए। वहीं बेमिसाल बेकर्स, देवास रोड पर पैकिंग और निर्माण नियमों का उल्लंघन मिला।

### पापड़ से लेकर धनिया पाउडर तक नकली

मालवा किराना स्टोर के पवन गोयल पर मिथ्याछाप अग्रवाल 420 पापड़ और पंजाबी मसाला पापड़, महाकाल किराना इंगोरिया और शिवम इंटरप्राइजेज घट्टिया पर प्रतिबंधित लूज धनिया पाउडर बेचने पर जुमार्ना लगा। पारस किराना महिदपुर पर ब्लैक डायमंड काली मिर्च मिथ्याछाप मिली।

### मावा-मिठाई में सबसे ज्यादा मिलावट

शिव मावा भट्टी महिदपुर के शिव चौधरी, नाकोड़ा मावा भंडार और मां कृपा कोल्ड स्टोरेज के नामिष भंडारी द्वारा अमानक मावा का निर्माण-भंडारण, श्री जोधपुर स्वीट्स के भूपेंद्र व्यास पर मिथ्याछाप मावा बर्फी और गणेश प्रसाद भंडार के गुलाब सिंह गोदिया पर मिथ्याछाप बूंदी के लड्डू बेचने पर केस दर्ज हुआ। न्यू सिंध डेयरी जवाहर नगर पर गाय-भैंस मिक्स दूध को शुद्ध बताकर बेचना भारी पड़ा।

### बिना लाइसेंस चल रही दुकानें

राजा मटन शॉप गणेशपुरा के हनीफ कुरैशी और राधिका किराना सनराइज सिटी के शशिकांत विजयवर्गीय बिना खाद्य लाइसेंस/पंजीयन के ही कारोबार करते मिले।

# हफ्ता वसूली में फरार 2 बदमाश पकड़ाए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हफ्ता वसूली के मामले में एक माह से फरार चल रहे 2 बदमाशों को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों बदमाशों के 3 साथी पूर्व में पकड़े जा चुके थे।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 8 अगस्त को अफरोजा बी पति अंसार अली 45 साल निवासी बारा पत्थर को पांच बदमाशों ने धमकाते हुये बोला था कि परिवार सहित यहां रहना है तो हर सप्ताह एक हजार रुपए देना होगें। अफरोजा बी के विरोध करने पर बदमाशों मारपीट कर जान से मारने की धमकी थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर जाकिर उर्फ पेठा पिता मुख्तियार अली कोठार 32 साल, शेहजाद पिता शेरअली कोठार और अनिस पिता सगीर खान  को गिरफ्तार कर लिया गया था। 2 आरोपी इम्तियाज पिता शेरअली कोठार और इम्पू उर्फ गम्पिया उर्फ मुमतियाज पिता शेरअली कोठार निवासी इन्द्रा कालोनी महिदपुर फरार चल रहे थे। एक माह से दोनों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। बुधवार रात खबर मिली कि दोनों फरार आरोपी घर आये है। तत्काल एएसआई राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र चौहान, भेरुलाल वर्मा, विनोद माली, नारायणसिंह,आरक्षक संजयसिंह, लेखराज, गोविन्दसिंह को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया और थाने लाया गया। गुरूवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार इम्तियाज के खिलाफ पूर्व में 18 संगीन अपराधिक मामले दर्ज है। वहीं गम्पू के खिलाफ 23 मामले दर्ज है। दोनों थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाश है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com